राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रधान सम्पादक—डाक्टर फतहसिंह

[निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर]

ग्रन्थाङ्क ८६

मुंहता नैणसी री ख्यात

[चारों भागों की सम्पूर्ण विषय-सूची, भूमिका, मुहता नैणसी और महाराजा जसवंतसिंह-प्रथम का संक्षिप्त परिचय, उनके प्राचीन चित्र और तीनों भागों की बृहत् नामानुक्रमणिका, विशिष्ट पुरुषों की जन्म-कुंडलियां, पद-विरुदादि की सार्थ-नामावली और शुद्धिपत्र आदि महत्वपूर्ण विषयों के छः परिशिष्टों सहित ख्यात का परिशिष्ट भाग]

भाग ४

प्रकाशक

राजस्थान राज्य-संस्थापित

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

RAJASTHAN ORIENTAL RESEARCH INSTITUTE, JODHPUR.

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

राजस्थान राज्य द्वारा प्रकाशित

सामान्यतः अखिल भारतीय तथा विशेषतः राजस्थानदेशीय पुरातनकालीन
संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, राजस्थानी, हिन्दी आदि भाषानिबद्ध
विविध वाङ्मयप्रकाशिनी विशिष्ट-ग्रन्थावली

प्रधान सम्पादक

डाक्टर फतहसिंह

निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

ग्रन्थाङ्क ८६

मुंहता नैणसी री ख्यात

भाग ४

प्रकाशक

राजस्थान राज्याज्ञानुसार

निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

मुंहता नैणसी री ख्यात

[भूतपूर्व मारवाड़ राज्य के महाराजा जसवंतसिंह-प्रथम के दीवान मुंहता नैणसी द्वारा राजस्थानी भाषा में लिखित राजस्थान और उससे संबंधित एवं संलग्न गुजरात, सौराष्ट्र और मध्यभारत आदि स्थित भूतपूर्व राज्यों का मध्यकालीन मूल इतिहास]

भाग ४

सम्पादक

आचार्य बदरीप्रसाद साकरिया

प्रकाशनकर्त्ता

राजस्थान राज्याज्ञानुसार

निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

विक्रमाब्द २०२४ | भारतराष्ट्रिय शकाब्द | खिस्ताब्द १९६७
प्रथमावृत्ति ७५० | १८८९ | मूल्य ८.७५ पै०

मुद्रक — श्री हरिप्रसाद पारीक, साधना प्रेस, जोधपुर

RAJASTHAN PURATANĀ GRANTHAMALA—No. 86

Published by the Government of Rajasthan

A Series devoted to the publication of Saṁskrit, Prakrit, Apabhraṁsa, Old Rajasthani, Gujarati and Hindi works pertaining to India in general and Rajasthan in particular.

General Editor
Dr. FATAH SINGH
M.A., D. Litt.

MUNHATA NAINSI RI KHYAT

PART IV

Edited with various appendices
by
ACHARYA BADRIPRASAD SACARIYA

Published under the orders of the Government of Rajasthan.

By
The Director, Rajasthan Prachya Vidya Pratisthana
[RAJASTHAN ORIENTAL RESEARCH INSTITUTE]
JODHPUR (Rajasthan)

V.S. 2024] [1967 A.D.

सञ्चालकीय वक्तव्य

मेरे लिए यह सौभाग्य और हर्ष का विषय है कि आज मेरा सम्बन्ध अनायास ही राजस्थान प्राच्यविद्या-प्रतिष्ठान की उस महत्त्वपूर्ण साधना की पूर्ति से हो रहा है जो अब से सात वर्ष पूर्व, स्वनामधन्य मुनि जिनविजय की अध्यक्षता में, आचार्य बदरीप्रसाद साकरिया ने प्रारम्भ की थी। १९६४ ई० तक इस ग्रन्थ का मूलभाग एक सहस्र से अधिक पृष्ठों में प्रकाशित होकर, तीन भागों में पाठकों के सामने आ चुका है। प्रस्तुत चतुर्थ भाग में बयालीस पृष्ठीय भूमिका के साथ कुल २०८ पृष्ठों में ६ परिशिष्ट दिये गये हैं। कुल मिलाकर १२०० से भी अधिक पृष्ठों में समाप्त होने वाली यह "मुहता नैणसीरी ख्यात" आचार्य बदरीप्रसाद साकरिया के उस अथक परिश्रम, अदम्य उत्साह एवं अनुपम धैर्य्य का प्रतीक है जिसने विघ्न-बाधाओं के सामने कभी हार मानना नहीं सीखा।

खेद है कि सम्पादक महोदय के 'एक ख्याति इच्छुक मित्र' १९३४ ई० में इस ग्रंथ की प्रेस-कापी उठा ले गये जिसके फलस्वरूप इसका प्रकाशन उस समय न हो सका। अस्तु, संपूर्ण ग्रंथ में साकरिया जी के अगाध पाण्डित्य, एवं गम्भीर अध्ययन की जो छाप दिखाई पड़ती है, उसको ध्यान में रखने से १९३४ से १९६० तक का व्यवधान कुछ सह्य हो जाता है।

इस गौरव ग्रंथ को सुसम्पादित करके आचार्य बदरीप्रसाद ने हिंद और हिन्दी के समस्त प्रेमियों पर असीम कृपा की है; अतः इस महान् कार्य के लिए सम्पादक महोदय को समाज और देश जो सम्मान प्रदान करे वह थोड़ा है। ग्रंथ का महत्व उसके कलेवर में नहीं, अपितु उस लौकिकता एवं अर्थपरायणता में है जिसको इस ग्रंथ में प्रमुखता दी गई है और जो हमारे विचारकों एवं मनीषियों की दृष्टि में उससे पूर्व गौण ही नहीं प्रायः उपेक्षित हो गई थी। "सुखस्य मूलम् अर्थः" को भुलाकर धर्म और मोक्ष की उपासना असम्भव है।

ग्रंथ के अन्त में जो लम्बा शुद्धि-पत्र देना आवश्यक हो गया है उसके लिए मैं प्रेस, प्रूफ-रीडर और प्रकाशक की ओर से सम्पादक और पाठक से क्षमा-याचना करता हूँ।

सम्पादक महोदय ने कई प्रतियों से मिलान करके ग्रन्थ का वर्तमान पाठ निर्धारित किया है। यदि पाद-टिप्पणियों में पाठान्तरों का समावेश होसकता, तो वर्तमान संस्करण का मूल्य और अधिक बढ़ जाता, परन्तु अब अतीत पर पश्चाताप करना व्यर्थ है।

आशा है कि लौकिक जीवन के अध्ययन में रुचि रखने वाले व्यक्ति इससे प्रेरणा ग्रहण करके हमारी वर्तमान आर्थिक समस्याओं का, उसी तत्परता और लगन से अध्ययन करेंगे जिससे इतिहास. समाजशास्त्र, भाषाविज्ञान आदि के विद्यार्थी "मूंहता नैणसीरी ख्यात" का उपयोग अपने-अपने विषय के लिए करेंगे।

जय हिन्द; जय हिन्दी

गुरु पूर्णिमा, २०२४
जोधपुर.

फतहसिंह
एम.ए., डी.लिट्.

विषयानुक्रमणिका

१. सञ्चालकीय वक्तव्य — १-२

२. चारों भागों की सम्पूर्ण विषय-सूची — १-८

३ भूमिका भाग — १-४२

(१) भूमिका — १-२४

(२) महाराजा जसवर्तासह के दीवान और ख्यात-लेखक मुहता नैणसी — २५-३९

(३) महाराजा जसवतसिंह-प्रथम — ४०-४२

४. परिशिष्ट १-तीनों भागों की नामानुक्रमणिका — १-१९०

१. वैयक्तिक—

(१) पुरुष नामानुक्रमणिका — १-१०८

(२) स्त्री „ — १०९-११७

(३) अश्वादि पशु नाम — ११८

२. भौगोलिक—

(१) ग्राम देशादि नामानुक्रमणिका — ११९-१६४

(२) पर्वत जलाशयादि „ — १६५-१७१

३. सांस्कृतिक—

(१) ग्रंथ, संस्था, कर, मापादि नामानुक्रमणिका — १७२-१८०

(२) देवी-देवता तीर्थादि „ — १८१-१८८

४. सम्पूर्ति (छूटे हुए नाम और उनके पृष्ठांक) — १८९-१९०

५. परिशिष्ट २-विशिष्ट पुरुषों की जन्म-कुण्डलियां — १९१-१९३

६. परिशिष्ट ३-पद, उपाधि और विरुदादि की सार्थ-नामावली — १९४-२०८

७. परिशिष्ट ४-पुत्र शब्द के पर्याय व अपत्य प्रत्ययादि — २०९

८. परिशिष्ट ५-पौत्र या वंशज के पर्याय व प्रत्ययादि — २१०

९. परिशिष्ट ६-शुद्धि-पत्र — २११-२३१

—०—

मुंहता नैणसी री ख्यात के चारों भागों की संपूर्ण विषय-सूची

भाग १

१. सीसोदियां री ख्यात

१. वार्ता (गेहलोत कहीजै तिणरी) १
२. वात (बापा गुहादित री) ३
३. वात रांणा राहप री ६
४. वार्ता दूसरी (नै कवित्त-रावळ बापा रा) ७
५. सीसोदिया रा भेद ८
६. वात राणा चीतोड़ रा धणियां री ९
७. पीढियां री विगत (इतरी पीढी तांई पै सर्मा कहांणा) ९
८. इतरी पीढी दीत-ब्राह्मण कहाणा १०
९. वात (हारीत रिख नै रावळ बापै री) ११
१०. इतरी पीढी रावळ कहांणा १२
११. माहप नै राहप री वात १३
१२. रांणा हमीर सूं पाटवियां रा बेटां री विगत १५
१३. गीत रांणा सांगा रो १८
१४. रांणा उदैसिघ री वात २०
१५. वात रांणा उदैसिघ उदैपुर वसायां री ३२
१६. घाटी राह री हकीकत ३५
१७. गिरवा री हकीकत ३६
१८. च्यार छपन री हकीकत ३६
१९. वात (कछवाहां मानसिघ नै रांणा प्रताप वेढ हुई तिणरी ३९
२०. मेवाड़ रा भाखरां री विगत ४०
२१. नदी तीन री विगत–चांवळ, झांभणो, पगधोई ४५
२२. दीवांण रै नास-भाज विखा नू वडो ठोड इतरी, इतरा गांवां मांहे ४६
२३. बनास नदी नीसरी तैरी हकीकत ४७
२४. वात चारण खांसियै गिरधर कही, समत १६१७ रा भादवा सुदि ९ नै ४९
२५. वात एक रांणा कूंभा चित-भरमियै री ५१
२६ राणा राजसिंघ नूं पातसाही तरफ री इतरी जागीरी छै तिणरी विगत ५२
२७. वात १ सीसोदिया राघवदे लाखावत री, राघवदे नूं रांणै कुंभै नै राव रिणमल मारियो तिणरी ५३
२८. वात १ चीठू ब्राह्मण कही मांडव पातसाह री मेवाड़ फोजियो लागी तैरी ५५
२९. वात (राणो अमरा रै विखा री) ५६
३०. गीत (राणा अमरा री) ५८
३१. वात (सोदा-बारहठ बाहरू री) ५९
३२. वात पठांण हाजीखान नै रांणा उदैसिघ हरमाड़ै वेढ हुई तिणरी ६०
३३. वात (राणा अमरा रै विखा री फेर) ६२

३४. सकतावत (पीथो) नैं रावत मेघै रे मांमलो हुओ तिणरी वात ६४
३५. सीसोदिया चूंडावतां री साख ६६
३६. वात सीसोदिया डूंगरपुर बांसवाहळा रा धणियां री ७०
३७. वात बांसवाहळा रा मांनसिंघ री ७३
३८. वात डूंगरपुर बांसवाहळा रा धणियां री (पीढियां री विगत) ७७
३९. वात सीसोदियां री (रावळ समरसी लोहड़ै भाई नूं चीतोड़ दी तिणरी) ७९
४०. वात बांसवाहळा री ८७
४१. बांसवाहळा रै सींव री विगत ८८
४२. गैहलोतां री चोवीस साख ८८
४३. पंवारां री पेंतीस साख ८९
४४. चहुवांणां री चोवीस साख ८९
४५. साख इती पड़िहारां भिळै ८९
४६. सोळंकियां री साख ९०
४७. वात देवळिया रै धणियां री ९०
४८. वात(जीहरण रा मुकाता री)९०
४९. देवळियै नैं रांणा रै मुलक री कांकड़ इण गांवां ९५

२. बूंदी रा धणियां री ख्यात

५०. वार्ता (राव लालण रा पोतरा हाडा बूंदी रा धणियां री) ९७
५१. हाडां रै पीढियां री विगत १००
५२. वात हाडै सूरजमल नारायण-दासोत नैं रांणा रतनसी मांमलो हुवो तिण समै री १०२
५३. वात (हाडा सुरजन नूं रांणा उदैसिंघ बूंदी दीवी तिणरी १०९
५४. बूंदी रा देस री हकीकत ११३
५५. वात (बूंदी रा देस रा रज-पूतां री विगत) ११७
५६. वागड़िया चहुवांणां री पीढी ११९
५७. वार्ता (चहुवांण डूंगरसी बालावत री) ११९
५८. वात वहियां री १२२
५९. बूंदेलां री वात १२७
६०. बूंदेलां री वात (कविप्रिया-ग्रंथ केसोदास कियो तिण मांहै सूं) १२८
६१. एकण ठोड़ पीढियां यूं पिण मांडी छै १३०
६२. वारता गढबांधव रा धणियां री १३२

३. वात सिरोही रा धणियां री

६३. वात (आबू लियां री) १३४
६४. पीढी सीरोही रा धणियां री १३५
६५. वात राव सुरतांण री १४२
६६. विचली वात (देवड़ै विजै सूजै री) १४४
६७. वात (डूंगरोत देवड़ां री) १६२
६८. गीत चीवा जैता री आढा दुरसा रो कह्यो १७०
६९. गीत चीवा खीमा भार-मलोत रो १७१
७०. वात (विराद रै परगनै रा चहुवांणां री) १७२
७१. वात (सीरोही री हकीकत वाघेला रामसिंघ नैणसी नूं जाळोर मैं कही) १७२
७२. वात सीरोही रा धणियां-पाटवियां री आबू लियां री १८०
७३. कवित्त-छप्पय सीरोही रा टीकायतां रा १८४
७४. कवित्त रामसिंघ सिरोहियै रा१९१

४. भायलां रजपूतां री ख्यात

७५. पवारां री भायला साख री हकीकत १९३
७६. वात चहुवांणां सोनगरां रो राव लाखणोतां री २०२
७७. वात सोनगरां री २१२
७८. वात सिघावसोकिनी (तापस ब्रांमण नें सोमइया महादेव री२१३
७९. वात सोमइयो महादेव, कानड़देजी री नें कांवळ तथा बीजां री २१६
८०. वात (बीकै वहिये री, जाळोर री गढ भेळायो तिणरी) २२३
८१. वात साचोर री २२७
८२. वात चहुवाणां साचोर रा धणियां री २२९
८३. पीढिया री विगत २३०
८४. वात (बोड़ां री) २४५
८५. बोड़ा री वसावळी २४७
८६. वात (कांपळिया चहुवाणां रै साख री) २४८
८७. वात (कूंभा कांपळिया री) २४८
८८. वात खीचियां री (पीढियां)२५०
८९. वात (खीची मांणकराव री)२५०
९०. वात (धारू आंनळोत री) २५१
९१. वात (खीची आंना री) २५३
९२. वात अणहलवाड़ा पाटण री २५८
९३. कवित्त (चावड़े पाटण भोगवी तिणरी साख री) २५९
९४. इतरा पाटण भोगवी तिण साख रो कवित्त २६०
९५. पाटण वाघेला भोगवी तिण साख रो कवित्त २६१
९६. सोळंकियां री साख इतरी २६२
९७. वात सोळंकियां पाटण आया री २६३
९८. वात पाटण चावोड़ा थी सोळंकियां रै आवं जिणरी २६६
९९. वात १ जाडेचा लाखा नू सोळकी मूळराज मारिया री २६७
१०० वात रुद्रमाळो प्रासाद सिद्धराव करायो तिणरी २७२
१०१. कविता सिद्धराव जैसिंघदे रै देहुरै रा, लल्ल भाट रा कह्या २७७
१०२ वात सोळंकिया खेरड़ा री २७९
१०३. सोळंकिया रै पीढिया री विगत २८०
१०४. वात (सातलै रतनै जेमल नें मारियो तेरी) २८१
१०५ वात (जेमल रतनो काम आया री) २८३
१०६. वात सोळकी मायावता री २८३
१०७. वात सोलकी राणा रै वास वैसूरी रा धणियां री २८४

५. कछवाहां री ख्यात

१०८. वात राजा प्रथीराजरी २८६
१०९. पीढी कछवाहा री, भाट राजपाण मडाई २८७
११०. कछवाहा सूरजवसी कहीजै त्यारी विगत २९१
१११. कछवाहा री विगत २९३
११२. कछवाहा री वसावळी री विगत २९५
११३ वात एक गोहिला खेड रा धणिया री ३३३
११४. वात गोहिल खेड छाडनै सोरठ गया तिणरी ३३४
११५. पंवारा री उतपत नै पीढी ३३६
११६. वात पंवारा री ३३७
११७. पवार वाघ री ओलाद रा सासला हुवा तिणरी विगत ३३८

११८. पीढियां री विगत (सांखलां री) ३३६
११९. सांखला जांगळवा ३४४
१२०. वात रायसी महिपाळोत री ३४४
१२१. दूसरी पीढी जांगळू सांखलां रै रही ३४६
१२२. वात (चूंडा, गोगा, अरड़कमल, हरभम, रांमदेपीर नै दूजा) ३४८
१२३. वात (नापो सांखलो नै फेर) ३५३

६. सोढां री ख्यात

१२४. सोढां री पीढी ३५५
१२५. वात पारकर रा सोढां री ३६३
१२६. वात पारकर री ३६३

भाग २

७. ख्यात भाटियां री

१. श्री जदुवंशी कहीजै १
२. वात भाटियां री १
३. जेसळमेर रा देस री हकीकत वीठळदास लिखाई ३
४. खडाळरा गांवां री विगत ४
५. जेसळमेर रा देस री हकीकत मुं॥ लखै मंडाई ६
६. वात भाटियां री पीढी, चारण-रतनूं गोकळ मंडाई ८
७. वात रावळ घड़सी री १३
८. वंसावळी रा गीत, भवनो रतनूं कहै १४
९. भाटी छत्राळा कहीजै तिणरी वात १५
१०. वात (सोमवंसी भाटियां री हरिवंश पुरांण मांहे) १५
११. वात विजैराव चूड़ाळे री १७
१२. वात वरिहाहां री। देवराज धार ऊपर गयो तिणरी २५
१३. वात (धार रै मूंहतै री) २६
१४. वात भाटियां री (साख मंगरियां री) ३१
१५. वात गजनी पातसाह री ३३
१६. वात (रावळ जेसळ री) ३५
१७. वात (जेसळमेर री रांग मंडाई तिणरी) ३६
१८. कविता भाटी सालवाहण रा (नै आगली पीढियां) ३७
१९. वात राठोड़ सोमाळ री ४२
२०. वारता (चोकमसी री) ४४
२१. वात (पातसाह रा गुरु मारिया तिणरी) ४५
२२. वात (मूळराज नै कमालदी री। जेसळमेर ऊपर फोज विदा कीवी) ४६
२३. वात (मूळराज कना कमालदी लोयां मांगी तिणरी) ४९
२४. वात (कमालदी नूं हठ करनै विदा कियो) ५०
२५. वात (कमालदी गढ घेरियो) ५०
२६. वात (बीज उचारण री। दूहा-सोरठा। आगली हकीकत) ५१
२७. वात (रावळ दूदै तिलोकसी री) ५६
२८. वात (रावळ दूदो नै तिलोकसी मुंआ री। दूदा रा गीत) ६१
२९. वात (रावळ घड़सी रांणा रतनसी रो बेटो कमालदी रै अठै रह्यो तिणरी ६६
३०. वात (रावळ दूदा तिणारी) ७५
३१. पीढी (जेसळ सूं) ९२
३२. वात (रावळ भीम री) ९४
३३. वात (रावळ भीम री फेर नै दूजी) ९९
३४. मनोहरदास रा प्रवाड़ा १०३
३५. वात भाटियां मांहे केल्हणां री साख ११२

३६. राव केल्हण देरावर लियाँ री बात (फेर दूजी) ११६
३७ बीकूपुर रै धणियां नै राठोडां सगाई तथा बीजा १३२
३८. केल्हणां नै बीकानेर रा धणियां सगाई १३३
३६ भाटियां केल्हणा नै कछवाहां सगाई १३३
४० तळाई, कोहर नै गांवा री हकीकत १३४
४१. बात एक (राव मालदे तथा राव जैसा री) १३७
४२. बात गाडाळा केलणा री १४०
४३. विगत (केल्हण री पीढी, केल्हणां री खरड़ रा कोहर तळाई आदि री)
४४. हमीर-भाटियां री साख १४४
४५. बात (जैसा भाटिया री साख) १५२
४६. रूपसी भाटिया री साख १६६
४७. सरवहिया री पीढी २०२
४८. बात सरवहियां री २०२
४९. बात सरवहिया जेसा री २०६
५०. बात (सरवहिया जेसा नै पातसाह री) २०७
५१. बात (सरवहिये जेसे चारण रा मांणस छोडाया २०८
५२. बात जाडेचा री २०९
५३. बात रायधण भुज रा धणियांरी २०६
५४. पीढी २१५
५५. गीत कुवर जेहा भारावत रो २१५
५६. बात लाखें री २१६
५७. बात (जाडेचा फूलधवळ री) २२५
५८. बात (जाम ऊनड सावळसुध कवि रोहड़िया नू म्राउठकोड़ सामई दी तिण री) २३६
५९. बात १ जाम ऊनड सावळसुध री २३८
६०. वेढ १ जाम सतो नै समीखान हुई तिणरी बात २४०
६१. बात १ झाला रायसिंघ मांनसिंघोत नै जाडेचा जसा धवळोत नै जाड़ेचा साहेब हमीरोत वेढ हुई तिणरी २४४
६२. बात (झाला रायसिंघ नै जाडेचा साहेब री) २४९
६३. बात १ जाड़ेचा साहिब री नै झाला रायसिंघ री फेर लिखी २५१
६४. झाला री वंसावळी २५६
६५. बात झाला री २५८
६६. मेवाड़ रै झाला री बात २६२
६७. मेवाड़ रा झालां री पीढी २६५

८. राठोड़ां री ख्यात

६८. रावजी श्री सीहेजी री बात २६६
६९. राव आसथानजी री बात २७६
७०. बात राव कानड़देजी री २८०
७१. रावळ मालोजी री बात २८४
७२. बात वीरमजी री २९९
७३. बात रावजी चूंडजी री ३०६
७४. गोगादेजी री बात ३१७
७५ अरड़कमलजी चूंडावत री बात ३२४
७६ बात रावजी रिणमलजी री ३२९

भाग ३

राठोड़ां री ख्यात (द्वि. भा. सूं चालू)

१. बात राव रिणमलजी अर महमद रै आपस में लड़ाई हुई तै समै री १
२. रावळ जगमालजी री बात ३
३. बात राव जोधाजी री ५
४ बात राव बीकाजी री १३

५. भटनेर री वात १६
६. वात राव वीकैजी री, वीकानेर वसायो तै समै री १६
७. वात कांधळजी री, कांधळजी कांम आयो तै समै री २१
८. वात राव सीडे री अर रावळ सांवतसी सोनगरै रै भीनमाळ वेढ हुई तै समै री २३
९. वात पताई रावळ साको कियो तैरी (पावागढ रै घेरे री) २५
१०. वात राव सलखैजी री २६
११. गढ सक्रिया तैरी ख्यात २८
१२. वात राव सीहोजी (रै वंश) री २६
१३. जैसळमेर री वात ३३
१४. पूगळ राव ३६
१५. वीकूंपुर राव ३६
१६. वैरसलपुर राव ३७
१७. मुगल-चकता-भाटी ३७
१८. खारवारै रा भाटी ३७
१९. वात दूदे जोधावत मेघो नरसिंघदासोत सींधळ मारियो तै समै री ३८
२०. वात खेतसीह रतनसीहोत सीसोदियै चूंडावत री ४१
२१. गुजरात देस राज्य वर्णनम् ४६
२२. पाटन की स्थापना और शासकों का राज्यकाल (टिप्पणी) ४६
२३. वात मकवांणा रजपूतां री (झाला कहांणा तेरी) ५७
२४. वात पाबूजी री ५८
२५. वात गांगै वीरमदे री ८०
२६. वात हरदास ऊहड़ री ८७
२७. वात राठोड़ नरै सूजावत, सीमै पोकरणे री १०३
२८. जैमल वीरमदेवोत नै राव मालदेव री वात ११५
२९. वात सीहैं सींधळ री १२३
३०. वात रिणमलजी री १२६
३१. नरवद सतावत री वात, सुपियारदे लायो तै समै री १४१
३२. वात नरबद रांणैजी नूं आंख दीवी तिणं समै री १४६
३३. वात राव लूणकर्णजी री १५१
३४. वात मोहिलां री १५३
३५. मोहिलां रै पीढियां री हकीकत १५८
३६. छंद वे-अखरी, राठोड़ रामदेव रा कहिया १६७
३७. दूहा, चारण चांपै सामोर रा कहिया १६८
३८. चौहानों की पीढियों की टिप्पणी १६८
३९. दूहा पीढियां री विगत रा १६६
४०. छतीस राजकुळी इतरै गढे राज करै १७३
४१. परमारां री वंसावळी १७५
४२. राठोड़ां री वंसावळी १७७
४३. टीकै बैठां री विगत १८१
४४. जोधपुर री पीढियां (टीकै बैठां री विगत) १८२
४५. भिन्न भिन्न वाका रा संमत (गढ लियां री विगत) १८३
४६. दिली राजा बैठा लियांरी विगत (राज कियो तिका विगत) १८५
४७. वात सेतराम वरदाईसेनोत राठोड़ री १६३
४८. बीकानेर री हकीकत २०५
४९. राठोड़ पृथ्वीराज कल्याणमलोत संबंधी टिप्पणी २०६
५०. दलपतसिंह रायसिंहोत संबंधी टिप्पणी २०६
५१. सतियां हुई २०६

५२. जोधपुर रा राजावां री ख्यात २१३
५३. टिप्पणियां २१३-२१५
५४. किसनगढ़ री विगत २१७
५५. जैसळमेर री ख्यात २२०
५६ पीढ़िया (बीकानेर रा
६३ ठिकाणां री) २२३-२३४
(१) सिरंगोता री २२३
(२) रूपावतां री २२५
(३) मारणोता री २२७
(४) रतनदासोता री २२८
(५) रावतोता री २२९
(६) बीदावतां री २३०
५७. जोधपुर रा सरदारां री
पीढ़िया (ऊदावतां रा
१४ ठिकाणां री २३५
५८. विगत २३८
५९. अकबर री जन्म कुंडळी
मैं टिप्पणी २३८
६०. वात चद्रावतां री २३९
६१. पीढ़िया री हकीकत
(चद्रावता री) २४७
६२. वात सिसरो बहलवै रहै तैरी २५०
६३. वात ऊर्द ऊगमणावत री २५६
६४. बूंदी री वारता २६६
६५. क्यामखान्यां री उत्पत नै
फतैहपुर झूंझणू वसायो
तैरी वात २७३
६६ दौलताबाद रा उमरावां
री वात २७६
६७. आदिदास्त २७८
६८. आदिदास्त २७९
६९. सांगमराव राठोड़ री वात २८०
७०. टिप्पणी (कान्हड़दे-प्रबंध
सू उद्धृत) २९३

[चौथे भाग की विषय-सूची के लिए
कृपया पृष्ठ उलटिये]

भाग ४

१.	चौथे भाग की विषयानुक्रमणिका	१
२.	संचालकीय वक्तव्य	१
३.	चारों भागों की सम्पूर्ण विषय-सूची	१–८
४.	भूमिका	१–२४
५.	महाराजा जसवंतसिंह-प्रथम के दीवान और ख्यात-लेखक मुंहता नैणसी	२५–३९
६.	महाराजा जसवंतसिंह-प्रथम	४०–४२
७.	परिशिष्ट १–तीनों भागों की नामानुक्रमणिका	१–१९०

१. वैयक्तिक—

(१)	पुरुष नामानुक्रमणिका	१–१०८
(२)	स्त्री नामानुक्रमणिका	१०९–११७
(३)	अश्वादि पशु नाम	११८

२. भौगोलिक—

(१)	ग्राम देशादि नामानुक्रमणिका	११९–१६४
(२)	पर्वत जलाशयादि ,,	१६५–१७१

३. सांस्कृतिक

(१)	ग्रंथ, संस्था, कर, मापादि नामानुक्रमणिका	१७२–१८०
(२)	देवी-देवता, तीर्थादि ,,	१८१–१८८

४. सम्पूर्ति (छूटे हुए नाम और पृष्ठ-संख्या) १८९–१९०

८.	परिशिष्ट २—विशिष्ट पुरुषों की जन्मकुंडलियां	१९१–१९३
९.	परिशिष्ट ३—पद, उपाधि और विरुदादि की सार्थ नामावली	१९४–२०८
१०.	परिशिष्ट ४—पुत्र शब्द के पर्याय व अपत्य प्रत्ययादि	२०९
११.	परिशिष्ट ५—पौत्र या वंशज के पर्याय व प्रत्ययादि	२१०
१२.	परिशिष्ट ६—शुद्धिपत्र	२११–२३१

॥ ॐ शिव ॥

भूमिका

राजस्थान वीरो और सतियों का देश है। इसकी मिट्टी का कण-कण जीवनी-शक्ति का स्रोत है। सहस्रो अप्रतिम शूरवीरो के ओजस्वित रक्त की असख्य भावनाओ और अनगिनत सतियो के जौहर की पावन भस्म के योग से उसमें वह जीवनी-शक्ति समाई हुई है कि जिसके दर्शन मात्र से मुर्दा दिलो में शूरत्व उत्पन्न हो जाता है। वह जीवन की सार्थकता और अनोखे जौवट की एक सजीवनी है। उसमें जीवन की निस्पृहता, सहनशीलता, दृढता और कठोरता के साथ भावोद्रेकता और मानवीय सवेदना की सुषमा ओतप्रोत है। राजस्थान की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि इसका इतिहास स्वय युद्ध-कला के विशारद मातृभक्त वीरों ने खड्ग-लेखनी की नोक से अपनी रक्त-मसि द्वारा चित्रित किया है। यह असख्य सती वीरागनाओ के जौहर-यज्ञो और वीरो के मरणोत्सवो (अभूतपूर्व और अगणित नारी और नरमेघो) का इतिहास है। जीना है मरने के लिये और मरना है जीने के लिये—इस रहस्यमय जीवन-मरण विज्ञान के नित्य व्यवहार और प्रत्यक्ष उदाहरणों की अनुभूति राजस्थान का इतिहास है। वीरो के समान ही युग-युगों तक आत्मज्ञानोपदेश और पथप्रदर्शन करने वाले अनेको ज्ञानी-भक्त और कवि-कुसुम यहाँ प्रफुल्लित हुए हैं, जिनकी मधुर सुवास विश्व-साहित्य में अजोड़ है। ऐसे वीरो, भक्तों और कवियो का राजस्थानी साहित्य प्रत्येक दिशा में आगे बढा हुआ है। राजस्थानी साहित्य गद्य (ख्यात, वात, हकीकत, वचनिका इत्यादि) और पद्य की अनेक शैलिया अपनी मौलिकता के लिये प्रसिद्ध हैं। इन सभी परपराओ मे अनेक उत्कृष्ट कोटि की रचनाओं का सृजन हुआ है। अनेक विद्वानों ने इस भाषा की सम्पन्नता व साहित्य के वैशिष्ट्य पर अनूठे उद्‌गार प्रकट किये हैं[1]।

---

१. (अ) Rajasthani is the language of a brave and heroic people. Rajasthani literature is a literature of chivalry. Its place among the literatures of the world is unique. Its study should be made compulsory for the youth of modern India. The work of the

राजस्थानी साहित्य की प्रमुख भाषा मारवाड़ी है, जिसका प्राचीन नाम मरुभाषा है[२]। इसी मारवाड़ी भाषा में लिखा गया अपरिमित गद्य-पद्यमय साहित्य राजस्थान का ही नहीं, अपितु समस्त भारत का मौलिक और गौरवपूर्ण साहित्य है। इसमें ख्यात साहित्य अपना विशिष्ट स्थान रखता है। ख्यात-

---

revival of the soul-inspiring literature and its language is absolutely necessary. ......I am eagerly looking for the day when a ful-fledged department of Rajasthani will be established at the Benares Hindu University where complete facilities will be provided for teaching and research work in Rajasthani literature.

—Pandit Madan Mohan Malaviya

(आ) They are the natural out-burst of the people. I regard them as superior even to the Sant poetry. How nice it would be if they were published ? Any language and literature of the world could well be proud of them. God willing I shall have them published from the Hindi Bhawan of Shanti Niketan. I shall try my best to place Rajasthani literature before the Indian public through the Hindi Bhawan.

—Rabindra Nath Tagore

(इ) The area which Rajasthani is spoken is bigger than that of any other Indian language except Hindi. It is bigger, too, than many countries of the world such as Great Britain, Eire, Romania, Poland, Greece, Norway, Iraq and Italy.

—Sir G.A. Grierson

(ई) The number of people who speak Rajasthani is nearly two crores. It has got more speakers than many important language of India and the world such as Gujarati, Kanarese, Assamese, Oriya, Malayalam, Sindhi, Pashto, Burmese, Siamese, Singhali, Greek, Turkish and Iranian.

—Hindustan Year Book for 1943, p. 159

२. आठवीं शती के प्रसिद्ध प्राकृत ग्रंथ कुवलयमाला में भारत की १८ भाषाओं में मरुभाषा को भी गिनाया गया है। अबुलफजल ने भी अपने इतिहास ग्रंथ आइन-ए-अकबरी में मारवाड़ी भाषा का स्थान अपने समय की समस्त भाषाओं में महत्वपूर्ण बताया है। अपभ्रंश की परम्पर । सीधा संबंध इसी भाषा में सुरक्षित मिलता है।

साहित्य ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत महत्त्वपूर्ण है, किन्तु साहित्यिक और सास्कृतिक दृष्टि से भी इन ख्यातो का महत्त्व बहुत अधिक है।

'ख्यात' शब्द

राजस्थानी में 'ख्यात' शब्द प्रायः इतिहास के पर्याय के रूप मे ही प्रयुक्त होता रहा है। 'ख्यात' मूलतया सस्कृत भाषा का शब्द है। यह 'ख्या'-प्रकथने धातु से 'क्त' प्रत्यय होने पर निष्पन्न होता है। सस्कृत भाषा मे मुख्यत. इस शब्द के ये अर्थ प्राप्त हैं—

१. ख्यातिप्राप्त या लब्धनाम।
२. आहूत या आवाहित।
३. विदित या परिज्ञात।
४. कीर्त्तिमान या सुप्रसिद्ध।
५. उक्त या कथित।
६. अभिहित या नाम दिया हुआ। और
७. प्रख्यात या लोक-विश्रुत आदि[१]।

किन्तु उत्तर मध्य-कालीन राजस्थान के इतिहास के लेखको ने 'ख्यात' शब्द को ही और अधिक विस्तृत अर्थ का व्यंजक बना कर प्रयुक्त किया है। उन्होने इसे इतिहास (इति+ह+आस=पिछली घटनाओं का परम्परागत विवरण),

---

१. देखिये सस्कृत, हिन्दी, गुजराती और मराठी शब्दकोश—

(१) मोनियर विलियम्स : सस्कृत-इगलिश डिक्शनरी, न्यू एडीशन
(२) जे०टी० मोलेस्वर्थ : मराठी-इगलिश डिक्शनरी, दूसरा सस्करण १८५७ ई०
(३) एन०बी० रानाडे : ,, ,, १६११ ई०
(४) द्वारकाप्रसाद चतुर्वेदी : सस्कृत शब्दार्थ कौस्तुभ
(५) गि०श० महता : सस्कृत गुजराती शब्दादर्श १६२६ ई०
(६) पन्यास मुक्तिविजयजी : शब्द रत्न महोदधि सवत् १६६३
(७) अमरकोश
(८) अभिधान चिन्तामणि कोश

हिन्दी शब्दकोशों मे 'ख्यात' शब्द के अर्थ—१. प्रसिद्ध २. कथित ३ वह कविता जिसमे योद्धाओं का यशोगान हो आदि आदि।

गुजराती कोशों में—१. कथन २. कथा ३. घोषणा ४. कहेलु ५. जाणीतु आदि।

मराठी कोशों मे—१. पराक्रम २ कीर्ति ३. प्रसिद्धि आदि, और

प्राकृत कोशों मे—विश्रुत, प्रसिद्ध आदि।

ऐतिह्य (पौराणिक वृत्तांत), और इतिवृत्त (= विशिष्ट घटनाएं) आदि का व्यंजक माना और तदनुकूल 'ख्यात' शब्द का प्रयोग किया।

ख्यात शब्द का आधुनिक इतिहासकारों ने इतना व्यापक अर्थ न लेकर, इसके स्थान पर 'इतिहास' शब्द को ही अपना लिया, फलतः वह तत्कालीन राजस्थान के इतिहास-लेखकों की अपनी ही वस्तु रह गई। फिर भी इस 'ख्यात' शब्द को लेकर जो ऐतिहासिक साहित्य रचा गया है, उसका इतिहास-कारों की दृष्टि में महत्वपूर्ण स्थान बना हुआ है, और वह उनके लिये शोध की अमूल्य निधि है।

ख्यात-साहित्य का महत्व

यद्यपि देश के इतिहास और उसकी सांस्कृतिक परम्पराओं को आज एक नये दृष्टिकोण से सोचने और विचारने की आवश्यकता है। केवल राजाओं और नवाबों आदि शासकों के माध्यम से देश के इतिहास को लिखने और उस परम्परा-दृष्टि से उस पर विचार करने का अब उतना महत्व नहीं रहा, तथापि उनके काल में जो इतिहास निर्माण हुआ है, वह एक अभूतपूर्व संक्रान्ति काल का इतिहास है। देश की राजनीति और सामाजिक एवं धार्मिक परम्पराओं पर उसका अमिट प्रभाव है। वह अत्यन्त महत्वपूर्ण और चिरस्मरणीय काल था। इसके कारण देश में एक नया मोड़ आया, अतएव इस काल में घटी घटनाओं को किसी भी प्रकार आंखों से ओझल नहीं किया जा सकता। ख्यात साहित्य में वर्णित ये सभी घटनाएँ हमारी सभ्यता और सांस्कृतिक चेतना को वर्तमान और आने वाले युग के अनुकूल बनाये रखने के लिये नितान्त उपयोगी हैं।

सामन्तशाही की कुत्सित भावनाओं के कुछेक वर्णनों और घटनाओं को यदि हम उस काल के इतिहास में मुजरा करके देखें तो तत्कालीन सामन्त व उनके साथ के इतर वर्ग की देश-भक्ति, त्याग, ऐश्वर्य और उज्वल चरित्र आदि मानव-आदर्श और उनके काल की अनुपम वास्तु-कला, संगीत, शिल्प और विज्ञान आदि की प्रगति के वर्णन हमें अपनी संस्कृति के गौरवपूर्ण अतीत की पुनरावृत्ति कराते हुए दिखाई पड़ते हैं। तभी हमें ऐसा प्रतीत होने लगता है कि सांस्कृतिक निधि की यह अमूल्य ऐतिहासिक सामग्री हमारी परम्परा के अनुकूल नव-इतिहास-निर्माण का एक आवश्यक आधार है।

हमारी सभ्यता और संस्कृति का मूलाधार हमारा अद्वितीय सरस्वती-भण्डार, जो संसार में सभ्यता का एक मात्र भण्डार और बीज रूप था—उसके

लिये एक घोर संवर्तक-काल आया और उसे अमानवीय कृत्यों और तरीकों द्वारा नष्ट किया गया। आज उसका सहस्रांश भी शेष नहीं है। किन्तु जो कुछ जितना, जैसी भी अवस्था में और जिस किसी भी प्रकार बचा रह गया, उसी के कारण हम और हमारी शताब्दियों से लड़खड़ाती हुई संस्कृति आज भी जीवित है।[४] उसे अब तत्वज्ञ और मनीषियों की संजीवनी वाणी और लेखनी द्वारा नवजीवन प्रदान करने के अनेकत्र प्रयत्न किये जाने लगे हैं।

अनेक शोध और प्रकाशक संस्थाएं इस क्षेत्र में बहुत ही महत्वपूर्ण और आवश्यक कार्य सम्पादन में लगी हैं। उनमें प्रमुख राजस्थान सरकार द्वारा महान् पुरातत्वाचार्य पद्मश्री मुनि श्री जिनविजयजी के निर्देशन में संस्थापित 'राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर' है। इस सस्था ने अपने शैशव काल मे ही अनुपलक्षित साहित्य-निधि के अनेक रत्नों को प्रकाशित किया है और प्रकाशित करने में तत्पर है। उन्ही प्रकाशनों में ख्यात-साहित्य का सर्वोपरि ग्रन्थ—राजस्थान, मालवा, गुजरात, सोराष्ट्र, कच्छ और सिन्ध आदि का लोक विश्रुत इतिहास और अन्य विविध विषयों से युक्त यह 'मुंहता नैणसी री ख्यात' नामक साहित्य है।

इस ख्यात का महत्व

'मुंहता नैणसी री ख्यात'[५] जोधपुर के महाराजा जसवंतसिंह प्रथम के दीवान और ओसवाल जाति के प्रसिद्ध मोहणोत वंश के विख्यात मुंहता नैणसी जयमलोत द्वारा रचा गया राजस्थान की प्रसिद्ध मारवाड़ी भाषा का अपनी कोटि का अनूठा मध्यकालीन इतिहास-ग्रंथ है। राजस्थान के भूतपूर्व देशी

---

४. 'दीपै वारो देस, ज्यारो साहित जगमगै।' [जिनका साहित्य सर्वतोमुखी प्रकाशमान है, उन्हीं का देश अपनी सस्कृति की परंपरा को सदा उन्नत बनाये रह कर संसार मे शोभा पाता है।]

—स्व० श्री उदयराज उज्ज्वल

५. 'मुंहता नैणसी री ख्यात' इस ग्रंथाभिधान का अर्थ यद्यपि इस भूमिका को पढ़ने से स्पष्ट हो जाता है, तथापि इसकी 'री' विभक्ति के इस प्रकार के अन्य ख्यात ग्रन्थों के नामों की तुलना में इस ग्रन्थ के नाम की 'री' विभक्ति का औचित्य और संगति किस प्रकार है, स्पष्ट करने की आवश्यकता है। 'राठोड़ां री ख्यात'=राठोड़ वंश की ख्यात या इतिहास, 'मेवाड़ री ख्यात' मेवाड़ राज्य का इतिहास' में 'री' विभक्ति का अर्थ 'की' या 'संबंधित' है। पर यहां इस 'री' विभक्ति का अर्थ 'की' या 'संबंधित' न होकर 'के द्वारा लिखी गई' होता है। 'मुहता नैणसी री ख्यात' = 'मुंहता नैणसी द्वारा लिखी हुई ख्यात या इतिहास ग्रन्थ' होता है।

राज्यों में ख्यात के नाम से अनेक ग्रन्थ लिखे गये हैं, उन सब में 'मूंहता नैणसी री ख्यात' बहुत महत्व की है[६]। इतिहास के सभी विद्वान् अन्य ख्यातों की अपेक्षा इसे अधिक विश्वस्त मानते हैं। स्व० म० म० रायबहादुर गौरीशंकर ही० ओझा ने अपने इतिहास-ग्रन्थों में और स्व० रामनारायण दूगड़ द्वारा किये गये इसके हिन्दी अनुवाद के दोनों खण्डों की भूमिकाओं में ठौर-ठौर इस ख्यात की प्रशंसा की है और राजस्थान का पिछला इतिहास लिखने के लिये इसे बहुत महत्वपूर्ण और विश्वस्त बतलाया है।[७] मुंशी देवीप्रसाद मुंसिफ ने तो नैणसी को 'राजस्थान का अबुलफजल' और उनकी लिखी हुई इस ख्यात को 'आईन-इ-अकबरी' की कोटि का इतिहास-ग्रन्थ कहा है[८]।

---

६. इस ख्यात के महत्व का इसी से पता लग जाता है कि इस संस्करण के पूर्व इसके दो संस्करण और प्रकाशित हो चुके हैं। एक संस्करण स्व० श्री रामकर्णजी आसोपा द्वारा मूल रूप में उनके निज के रामश्याम प्रेस में मुद्रित होकर उन्हीं की ओर से प्रकाशित किया जा रहा था, परन्तु वह सम्पूर्ण नहीं हो सका था। दूसरा संस्करण स्व० श्री रामनारायणजी दूगड़ का हिन्दी अनुवाद है, जो स्व० श्री गौ० ही० ओझा द्वारा सम्पादित होकर काशी नागरी प्रचारिणी सभा की ओर से दो भागों में प्रकाशित हुआ है। पहला भाग सं० १९८२ वि० में और दूसरा इसके ९ वर्ष बाद सम्वत् १९९१ में प्रकाशित हुआ है।

इनसे भी अधिक महत्व की बात यह है कि नैणसी के बाद की लिखी हुई ख्यातों का आधार भी प्रायः नैणसी री ख्यात ही रही हुई मालूम होता है। उनमें अनेक प्रसंग नैणसी री ख्यात के यों के यों उद्धृत कर लिये हैं। उदाहरण के तौर पर दयालदास री ख्यात, जिसके प्रकाशित संस्करण दू. भाग [पहला भाग प्रकाशित नहीं हुआ] के अनेक स्थलों में से दो एक प्रसंगों की ओर संकेत करना काफी होगा।

नैणसी री ख्यात, भाग ३, पृ० १३ और दयालदास री ख्यात पृ० ८

„ „ „ ३ „ ९४ „ „ „ „ ६५

„ „ „ ३ „ १२०-१२१ „ „ ८२, २६८ इत्यादि।

७. वि. सं. १३०० के आसपास से लगा कर उसके लिखे जाने के समय तक के इतिहास के लिये नैणसी का ग्रन्थ अनुपम वस्तु है। ... ... यदि नैणसी की ख्यात देखे बिना कोई राजपूताने का इतिहास लिखने का साहस करे तो उसका ग्रन्थ कभी संतोषदायक नहीं हो सकता।

—ओझा निबंध संग्रह, तृतीय भाग, पृ. ७५

८. स्व० मुंशी देवीप्रसादजी तो नैणसी को राजपूताने का अबुलफजल कहा करते थे और उसके इतिहास पर बड़े मुग्ध थे। मुंशीजी ने अगस्त १९१६ की सरस्वती में राजस्थान-इतिहासज्ञ मूंता नैणसी की ख्यात के विषय में एक लेख छपा कर उसके महत्व का परिचय दिया था।

—ओझा निबंध संग्रह, तृतीय भाग, पृ० ७४

प्रस्तुत ख्यात का सर्वाधिक महत्त्व इस बात मे भी है कि नैणसी ने ख्यात मे प्राप्त समस्त सामग्री साभार स्वीकार की है। उन्होने लिखने वाले, भेजने वाले, सुनाने और लिखने वालो के नाम ही नही लिखे, अपितु कही-कही तो उनका पूरा परिचय, सम्वत्, मिती और स्थान आदि के नाम भी दे दिये हैं। उनमें कई प्रसिद्ध डिंगल-कवि और चारणजन हैं[६]।

---

६ (१) पोकरणा ब्राह्मण कवीसर जसवत रो भाई जोशी महेशदास।
(२) मुहतो लखो, स० १७०० माह वदी ६ मेडते मैं जेसलमेर रो हाल लिखायो।
(३) भाडो महेसदास दसाळा भाटियाँ री वात, स० १७०९ फागण सुदी १५ री लिखाई, स० १७२१ माह मांहे लिख मेली।
(४) मुहते नरसिंघदास जैमलोत (नैणसी रो भाई) डूगरपुर मे रावळ पूंजा रै करायोड़ो देहरा री प्रशस्ति लिख मेली, समत १७०७ मे।
(५) बूदेला सुभकरण रै चाकर चत्रभुज मडाई, स० १७१०।
(६) चारण मासियो गिरधर स० १७१६ रा भादवा सुदी ६।
(७) चारण भूलै रुद्रदास भाण रै साहपा मूला रै पोतरै कही समत १७१६ रा चैत मांहे।
(८) सं० १७२१ रा जेठ मांहे रा० रामचन्द्र जगनाथोत मडाई।
(९) खिड़ियो सीवराज सिसोदियां री चूण्डावत साखा रो वृत्तान्त लिखायो स० १९२२ रा पोह वदी ५।
(१०) वात एक मीठू ब्राह्मण कही।
(११) दधवाडियो सीवराज, वात पठाण हाजीखान राणै उदैसिंघ वेढ हुई तिणरी लिख मेली। समत १७१४ रा वैसाख मांहे।
(१२) देवडो अमरो चादावत रो परधान वाघेलो रामसिंघ नूं अमरै नैणसी कनै मेलियो, उण कही।
(१३) मुहणोत सुदरदास जाळोर थका लिख मेली।
(१४) रतनूं गोकुळ पीढियां मडाई। गोकळ रतनू कही।
(१५) चारण चादण खिडियो।
(१६) भाट समार नोलिया रो पड़िहारा री साखा लिखाई।
(१७) भाट राजपाण उदैहीरो, पीढो कछवाहा री मडाई।
(१८) वात १ जीवै रतनू धरमदासाणी कही नै पहला सुणी थी तिका तो लिखी हीज हुती। वात जाडेचा साहिब री नै झाला रायसिंघ री फेर लिखी।
(१९) भाखडी रावळ भीम री मासियो पीरो कहे।
(२०) राव नींबो महेसोत सवणी।
(२१) गाडण पसायत।
(२२) बारहठ खीदो।

नैणसी ने अपनी ख्यात में लगभग ६ शताब्दियों के जीवन और साहित्य का महत्त्वपूर्ण परिचय दिया है। अपभ्रंश भाषा की परम्परा से प्रभावित मारवाड़ी भाषा में लिखा गया यह विवरण विक्रम सम्वत् १३०० से १७०० तक राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सभी प्रकार की गतिविधियों का विस्तृत आलेखन है। यद्यपि पहले का जितना वृत्तान्त है, वह सभी प्रायः जनश्रुतियों या चारण-भाटों की बहियों से प्राप्त किया गया है, तथापि १६वीं शती से १८वीं शती तक का विवरण प्रायः शंकाओं से परे और विश्वसनीय है।

ख्यात की भाषा

इस ख्यात की भाषा लगभग तीन सौ वर्ष की पुरानी मारवाड़ी भाषा है। यद्यपि यह भाषा उतनी कठिन नहीं है तथापि हिन्दी के विद्वान् इसका सही-सही समझना उतना सुलभ नहीं समझते। फिर डिंगल के गीत, छप्पय, दोहे आदि को समझना तो उनकी दृष्टि में और भी कठिन है[१०]।

इस ग्रंथ की मारवाड़ी भाषा भारतीय आर्य भाषाओं की अपभ्रंश परंपरा की निकटतम शाखा के प्रौढ़ गद्य का उत्कृष्ट रूप है जो राजस्थान की सभी

---

(२३) चारण वीरधवळ दूहा कहै।
(२४) गाडण सहजपाळ।
(२५) सांवळसुत रोहड़ियो।
(२६) भांणों मीसण, वडो आखरां रो कहणहार।
(२७) ढाढी············। इत्यादि।

इनके अतिरिक्त बारहठ ईसरदास, दुरसो आढो, केशवदास, रतनूं नवलो, बारठ वीठू, आसराव रतनूं, आसियो दलो, लल्ल भाट और चारण चांदो आदि डिंगल के प्रसिद्ध कवि और कुछ बात या हालात, जिनके सुनाने या लिखाने वालों का नाम स्मरण नहीं रहा—नैणसी ने 'एक बात यूं सुणी' या 'संमत १७२२ आसोज मांहै परवतसर मांहै लिखी' इस प्रकार से उनका आभार माना है।

१०. नैणसी की अनुपम ख्यात २७५ वर्ष पूर्व की मारवाड़ी भाषा में लिखी हुई है, जिससे राजपूताने का रहने वाला हरएक आदमी सहसा ठीक-ठीक समझ नहीं सकता। राजाओं, सरदारों आदि के पुराने गीत, दोहे आदि भी उसमें कई जगह उद्धृत किये गये हैं, जिनका ठीक-ठीक समझना तो और भी कठिन काम है।

—ओझा निबंध-संग्रह, तृ. भाग

बोलियो से अधिक विकसित और मान्य 'पश्चिमी मारवाडी'[११] की परंपरा का प्राचीन और प्रधान रूप है। आधुनिक राजस्थानी और गुजराती के रूपो में विकसित होने वाले अकुरो का (विभक्तियों, प्रत्ययों आदि के योग से) देश-कालिक निकटतम भेद बताने वाला एक सागोपाग नमूना है[१२]। अन्य भारतीय भाषाओ की समकालीन परपराओ की तुलना में इसकी परम्परा अपने विकास में अग्रणी, परिपक्व और अधिक प्राचीन गद्य-शैली का रूप है। इसमे पुष्ट गद्य-साहित्य के सभी रूप ख्यात[१३], वात, वारता, विगत, विरतत, हकीकत, याद, आदिदास्त, हाल, प्रस्ताव, हवालो, सिघावलोकनो, मिसाल, साख, परियावलो, वसावली, पीढिया आदि सभी प्रचुर परिमाण में विद्यमान हैं। इन सब मे ख्यात साहित्य प्रमुख है। वात, हकीकत, विगत आदि के भी अनेक छोटे-मोटे हस्त-लिखित इतिहास-ग्रंथ प्राप्त हैं, जो ख्यात के आवश्यक अग होने के साथ उसका

---

११. आधुनिक शोध विद्वानों ने इसका नाम 'प्राचीन पश्चिमी राजस्थानी' रखा है जबकि गुजरात के विद्वानों ने 'जूनी गुजराती' अथवा 'मारू-गुर्जर भाषा' अभिहित किया है।

१२ Rajasthani dialects form a group among themselves differenciated from Western Hindi on one hand and from Gujrati on the other hand. They are entitled to the dignity of being classed as together forming a separate independant language. They differ much more widely from Western Hindi than does, for instance, Punjabi. Under any circumstances they cannot be classed as dialects of Western Hindi If they are to be considered dialects of some hitherto acknowledged language, than they are dialects of Gujarati.

—Dr. Sir G A. Grierson

Linguistic Survey of India, Vol. IX part II pages 15

१३. ख्यात की प्राचीनता के सम्बन्ध में पीटरसन, दूसरी रिपोर्ट मे अनर्घराघव नाटक के कर्त्ता मुरारि कवि का यह श्लोक द्रष्टव्य है। मुरारि कवि का समय ८वीं-९वीं शताब्दि माना जाता है।

> चर्चाभिश्चारणानां क्षितिरमण ! परांप्राप्यसमोद लोला
> मा कीर्तेः सौविदल्लानवगणय कवि प्रात(?) वाणी विलासात्।
> गीत *ख्यातं* च नाम्ना किमपि रघुपतेरद्य यावत्प्रासा—
> द्वाल्मीके रेव धात्रीं धवलयति यशो(दा?) मुद्रया रामचन्द्र ॥

—परम्परा। भाग ११ और १५-१६ तथा

ना. प्र. पत्रिका, भाग १ चन्द्रधर शर्मा गुलेरी का चारण' नामक लेख।

विकसित परिमाजित और प्रौढ़ रूप है। किन्तु स्वतन्त्र रूप से भी इनका महत्त्व ख्यातों से कम नहीं है। ख्यात के आवश्यक अंग-रूप इन शब्दों का अर्थ अपने साधारण अर्थों से कुछ भिन्न होने के कारण यहाँ संक्षेप में प्रत्येक की जानकारी देना अप्रासंगिक नहीं होगा, जिससे कि उनके महत्व को समझा जा सके—

ख्यात

मोटे रूप में ख्यात इतिहास को कहते हैं जिसमें युद्ध आदि प्रसिद्ध घटनाओं का विस्तार से वर्णन किया हुआ होता है। अध्याय के रूप में भी ख्यात शीर्षक देकर वर्णन या वृत्तान्त के रूप में ख्यात ग्रंथ का विभाजन किया हुआ होता है। 'नैणसी री ख्यात' में ऐसे अनेक विभाग हैं। जैसे—'अथ सीसोदियां री ख्यात लिख्यते', 'अथ ख्यात भाटियां री लिख्यते' इत्यादि। वात, हकीकत आदि इसके अनेक पेटा विभाग हैं।

वात, वारता

वर्णनार्थक 'ख्यात' शीर्षक में किसी वंश या व्यक्ति आदि की प्रसिद्ध घटनाओं का विवरण प्रायः 'वात' शीर्षक से विभक्त किया हुआ होता है। स्वतंत्र ऐतिहासिक वात-साहित्य की वातें बड़ी होती हैं[१४]।

हकीकत

स्थान विशेष की स्थिति का वर्णन प्रायः हकीकत कहलाता है। यह ख्यात के समान बड़े ग्रंथ के रूप में भी होती है जैसे—'जोधपुर री हकीकत'।

पीढ़ी

ख्यात का एक आवश्यक अंग है। इसमें वंशानुक्रम के साथ विशिष्ट व्यक्ति के जीवन की विशेष घटनाओं का उल्लेख भी किया हुआ रहता है।

साख

(१) विशिष्ट व्यक्ति के नाम पर वंश-वृक्ष में से प्रस्फुटित शाखा वाले वंश को साख कहते हैं, जैसे—ऊदावत, जेसा-भाटी इत्यादि इसे वंसावली भी कह देते हैं। (२) घटना विशेष और स्थान के नाम से भी 'साख' प्रस्फुटित होती है, जैसे—झाला, छात्राळा और महेवचा, वाड़मेरा आदि। (३) किसी वात की साक्षी के रूप में उद्धृत छंद भी 'साख' कहलाता है, जैसे—साख रा दूहा।

---

१४. 'वात परगने जोधपुर री' (हस्तलिखित) में जोधपुर, जोधपुर के परगने और जोधपुर के राजाओं से संबंधित प्रसंगवशात् सभी विषयों का विस्तृत विवरण दिया हुआ है। यह वात पृ. १८४ महाराजा जसवंतसिंह प्रथम (अपूर्ण) तक है। इसमें कई स्थानों पर नैणसी का उल्लेख महत्व के तथ्यों के साथ हुआ है। सुंदरसी का भी उल्लेख हुआ है। यह वात हमारे संग्रह में है।—सम्पादक

विगत

किसी वंश या स्थान के सम्पूर्ण और क्रमबद्ध ब्यौरे को विगत कहा जाता है।

याद, यादवास्त, यादिदास्त

किसी बात या घटना को विस्तृत रूप से लिखने के लिये याद के तौर पर लिखा हुआ उसका संक्षिप्त रूप। बड़ी बात का संकेत-लेखन या नोटस।

प्रस्ताव

प्रासंगिक रूप में कही जाने वाली बात के लिये प्रारंभिक संकेत, जैसे— एकदा प्रस्ताव।

हवालो

प्रमाण के लिये किया हुआ किसी बात या घटना का उल्लेख।

सिंघावलोकनी बात

पूर्वोल्लिखित बात या घटना पर दृष्टिपात करते हुए किया गया विशेष वर्णन।

पीढियावली, वंसावळी

देखें पीढी और साख (१) और (२)

स्थानस्थिति के वास्तविक निर्देशन के लिये आठ दिशाओं के अतिरिक्त इस ख्यात में १६ दिशाओं के नामों का उल्लेख इसके (गद्य और पद्य) साहित्य की प्रौढ़ता का एक अन्यतम उदाहरण है। ऐसा उदाहरण अपभ्रंश पारंपरीण तात्कालिक किसी भी भाषा के विज्ञान में और आधुनिक किसी भी साहित्य में प्राप्त नहीं है।[१५]

क्रीडा, कृषि, वाणिज्य, युद्ध और शासन आदि से संबंधित अपने अर्थों में सशक्त अनेक पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग राजस्थानी भाषा की प्राञ्जलता और व्यापकता के द्योतक हैं, जिनमें से अनेकों के पर्याय हिंदी में नहीं मिलते। डिंगल एवं राजस्थानी गद्य साहित्य के अध्ययन के लिये इस ख्यात का शब्द-भण्डार बहुत ही मूल्यवान है।[१६]

---

१५. राजस्थानी साहित्य में १६ दिशाओं का उल्लेख मिलता है—

'दिसि सोळ मच्यो छळ-पग-बूण, जुडियो नह भावण भ्रम्म जूण'।

सोलह दिशाओं में जिन आठ विशेष दिशाओं के नामों का उल्लेख किया जाता है, उनमें से छद, छहड, खरक, अरहेर, रूपारास और पवाद आदि के नाम इस ख्यात में प्राप्त हैं।

१६. वल्लभविद्यानगर, वी. पी. महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष और रिसर्च स्कॉलर प्रो० भूपतिराम साकरिया के सह-सम्पादन में राजस्थानी-हिन्दी का एक कोश शोधार्थियों के लिये (अर्थ-सुलभ आवृत्ति) तैयार किया गया है, जिसमें 'नैणसी री ख्यात' के भी तीन-चार हजार शब्द लिये गये हैं। कोश प्रकाशनाधीन है।

भाषा की प्रौढ़ता और अर्थ-बोधकता के इसके मुहावरों और रूढ़ि-प्रयोगों में भी प्रचुरता से देखने में आती है। क्रियापद, सर्वनाम और विशेषणों के रूप तो इतने प्रचुर हैं कि उन पर एक पृथक् प्रबन्ध लिखा जा सकता है। प्रत्यय, परसर्ग और विभक्तियों के अनेक कारक-रूप और प्रकार एवं उनके प्रयोग भाषा की प्रौढ़ता और सम्पन्नता के अन्यतम उदाहरण हैं।[१७] सहस्रों स्त्री-पुरुषों और नगरों आदि के नाम अपभ्रंश भाषा के अध्ययन के लिये बहुमूल्य सामग्री उपस्थित करते हैं, जो भाषा की दृष्टि से ही नहीं, पुरातत्व और इतिहास की दृष्टि से भी शोध का एक मनोरंजक और स्वतंत्र विषय है। हमारी संस्कृति के साथ भी इनका घनिष्ठ संबंध है।

विविध विषय

प्रस्तुत ख्यात समाज और संस्कृति का जीता-जागता चित्र है। इसमें संक्षेप से गुजरात, काठियावाड़ (सौराष्ट्र), कच्छ, बघेलखंड, बुंदेलखंड, मालवा और मध्यभारत का इतिहास है और मेवाड़ के सिसोदिये, जैसलमेर के भाटी, ढूंढाड़ के कछवाहे और मारवाड़ (जोधपुर और बीकानेर) के राठौड़ राजपूतों का विस्तृत विवरण है। अजमेर-मेरवाड़ा, कोटा, बूंदी, झालावाड़, जयपुर-शेखावाटी, सिरोही, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, रामपुरा, किशनगढ़, खेड़-पाटण और पारकर आदि राजस्थान की अन्य समस्त रियासतों और इन रियासतों के अनेक जागीरी ठिकानों का एवं दक्षिण, गुजरात, मालवा, दिल्ली और आगरा आदि की बादशाहतों के साथ हुए युद्धों का वृत्तान्त भी संकलित हो गया हुआ है।[१८]

---

१७. सम्बन्ध-सूचक परसर्ग और विभक्तियों के कुछ रूप जिनका प्रयोग इस ख्यात के पद्य और गद्य के विभिन्न स्थलों में हुआ है—

१. रा, री, रो, रै
२. तण, तणा, तणी, तणो, तणै, तणउ
३. केर, केरा, केरी, केरो, केरउ, केरै
४. संदा, संदी, संदियां, संदो, संदउ, संदै
५. हंदा, हंदी, हंदियां, हंदो, हंदउ, हंदै
६. नो, नी, ना, नउ
७. चा, ची, चो, चै
८. कउ, की, को, के इत्यादि

१८. नैणसी की ख्यात में चौहानों, राठोड़ों, कछवाहों और भाटियों का इतिहास तो इतने विस्तार के साथ दिया है और वंशावलियों का इतना अपूर्व संग्रह है कि अन्य साधनों से

अनेकविध युद्ध और घटनाओं आदि के विवरणों से संकलित यह ख्यात विषय की दृष्टि से एक छोटा महाभारत है। मानव जीवन के उदाहरण रूप उच्च और उज्ज्वल पक्ष के अनेक जगह जहाँ इसमें दर्शन होते हैं, वहाँ इसके विरुद्ध, अनुचित आचरण वालों की अपकीर्ति और भर्त्सना के प्रसंग भी इसमें चित्रित मिलेंगे। इनके अतिरिक्त कृषि और उसकी उपज, वाणिज्य और माप-तौल, दुकाल और सुकाल, सेना और आक्रमण, अस्त्र और शस्त्र, शरणागत-रक्षा; वदान्यता, वचन-पालन, गौरव-रक्षा, मान-मर्यादा, शासन और दण्ड, खिराज और कर; विवाह-सम्बन्ध और दूसरे राज्यों के परस्पर सैनिक और राजनैतिक सम्बन्ध; दान, भेंट, सासण (भूमिदान), पसाव, सिरोपाव, रीझ-मौज आदि के वर्णन; पद, मनसब और खिताब, टकसाल और सिक्के; वीरगीत और गर्वोक्तियाँ, गुण-प्रशंसा और दुर्गुण-निंदा; लोक-वार्ताएँ और वीर-गाथाएँ, शाखायें और वंशावलियाँ, परम्पराएँ और रीति-रिवाज; राजदरबार, सवारियें, तीर्याटन, पर्व, विवाह, स्वागत-सत्कार, शिकार और जवादि; जलहर (जलक्रीडा) जाति-निर्माण और धर्म-परिवर्तन, जौहर और साका, सतीत्व और स्त्री-चरित्र; आभूषण, वेशभूषा और सत्कार, खान-पान और रहन-सहन; बादशाहों को तसलीम करने के ढग; शत्रुता और मित्रता; पहाड़ और नदियाँ, नगर और गाँव; जंत्र-मंत्र और वैद्यक, शकुन और नक्षत्र-ज्ञान; चोरों की कला; दुर्ग-प्रासाद-जलाशय, कूप आदि का निर्माण; देवी-देवताओं की पूजा और यात्रा, कुलदेवी-देवताओं का विवरण; उद्धरण और साख (साक्षी) रूप में अनेक प्रकार के काव्य इत्यादि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनैतिक, वास्तुकला (स्थापत्य कला) संबंधी और अन्य विभिन्न विषयों के न्यूनाधिक वर्णन इस ख्यात साहित्य (ग्रन्थ) में उल्लिखित हैं।

अनुशीलन सूत्र

जैसा कि ख्यात के विविध विषयों से प्रगट है, प्रस्तुत ख्यात में अनुशीलन के लिये पर्याप्त सूत्र वर्तमान हैं। किसी भी विषय का अन्वेषक इसमें कुछ न कुछ न्यूनाधिक अपने शोध के लिये सामग्री प्राप्त कर सकता है। निम्न अनुशीलन सूत्र विशेष रूप से शोधनीय है—

वैसा अब मिल नहीं सकता। इस ग्रन्थ में कई लड़ाइयों तथा कई वीर पुरुषों के मारे जाने के सम्वत् एवं उनकी जागीरों का जो विवेचन किया है, वह भी कम महत्व का नहीं। उसने राजपूताने के इतिहास को बहुत कुछ सुरक्षित किया है। इतना ही नहीं, गुजरात, काठियावाड, कच्छ, बुंदेलखंड आदि के इतिहास लिखने वालों को भी इसमें बहुत कुछ सामग्री मिल सकती है। —ओझा अभिनन्दन ग्रन्थ, द्वी. भा; पृ. ७४

१. राजपूत जाति और राजस्थान, मध्यभारत, सौराष्ट्र, गुजरात, मालवा, कच्छ एवं पारकर (धाट-[१९]सिंध) का इतिहास।

(नैणसी की ख्यात में अधिकतर राजस्थान, गुजरात, सौराष्ट्र और मध्य-भारत आदि राजपूत जाति के शासन और शासकों का विस्तृत विवरण है; अतः उस विवरण से सभी राज्यों की राजपूत जातियों और उन राज्यों के पृथक्-पृथक् इतिहास पर शोध किया जा सकता है।)

२. प्रत्येक समाज और देश में समय-समय पर महापुरुष उत्पन्न होते रहते हैं। कोई अपनी वीरता और बलिदान के कारण, कोई परोपकार या धर्म-परायणता से, कोई अपनी दानशीलता और सेवा-परायणता से और कोई अपनी राजनीति और न्यायपरायणता से सुविख्यात होते हैं तो कोई अपने दुष्कृत्यों से ही विख्यात या कुविख्यात हो जाते हैं। नैणसी ने प्रकारान्तर से ऐसे अनेक जीवन-चरित्र चित्रित किये हैं। इन पर शोध करके अनेक मानवीय भावनाओं को समाज और संस्कृति के लिये प्रकाश में लाया जा सकता है।

३. शासन और युद्धनीति

राजपूतों का मध्यकालीन इतिहास पारस्परिक वैमनस्य और स्पर्द्धा से हुए युद्धों का विवरण है। राजपूत राजा शासन करने में प्राय: निरंकुश रहे हैं; फिर भी कई राजा और कई राजाओं के मंत्री बड़े नीति-कुशल और प्रजासेवी हुए हैं। अतः नैणसी की ख्यात शासन-व्यवस्था और युद्धनीति के लिये पर्याप्त रूप से शोध की वस्तु है।

४. वाणिज्य, माप-तौल, सिक्के और राजकर[२०]।

ख्यात-लेखक की एक दूसरी कृति मारवाड़ राज्य का सर्वसंग्रह (गजेटियर)

---

१९. धाट-परपारकर का विस्तृत प्रदेश (गडड़ा, मिट्ठी, छोर, नगरपारकर, नोकोट और उमर-कोट के सोढाण खंड का भू-भाग) मारवाड़ राज्य का अंग था। अंग्रेजों ने नाम मात्र की खिराज के बदले में जोधपुर राज्य से कुछ वर्षों की शर्त से उधार लेकर सिंध का एक जिला बना लिया था और सिंध गवर्नर के शासन में दे दिया था। उधार-अवधि पाकिस्तान बनने की राजनैतिक चालों के समय समाप्त हो गई थी। अंग्रेजों ने यह प्रदेश मारवाड़ को वापिस नहीं लौटाया। सांस्कृतिक और भौगोलिक दृष्टि से मारवाड़ का यह अविभाज्य प्रदेश हिन्दू-बहुल होते हुए भी पाकिस्तान को दे दिया गया। आज भारतवर्ष और पश्चिमी पाकिस्तान के बीच पाकिस्तान का सीमाप्रदेश बना हुआ है।

२०. दुगांणी (दुरगाणी), फदियो, टको, दोकड़ो, जनादी, छकड़, दांम, छबू, सोनइयो, रुपियो, महमूंदी, फिरोजी (पीरोजी, पेरोजी, पीरोजसाही), जलालसाही (जलाला, जलाली) आदि

है, जो कि तात्कालिक जन-गणना रिपोर्ट का अनुपम उदाहरण है। प्रस्तुत ख्यात भी उसी लेखक की कृति होने से अनायास ही वाणिज्य, माप-तौल, विभिन्न सिक्कों मे खिराज और राजकर की अदायगी, माल लाने-लेजाने के साधन आदि के विषयो से समाहित हो गई है। एतद्विषयक शोधकर्त्ताओ के लिये यह ख्यात बहुमूल्य सामग्री प्रस्तुत करती है।

५. देवपूजन और शकुन-शास्त्र

प्रत्येक राजपूत राजवंश की अपनी-अपनी कुलदेवियां और कुलदेवता होते हैं। उन्ही के आराधन व संतुष्टि से युद्धो में विजय और राज्यों की प्राप्ति व सस्थिति होती है। नैणसी ने इस प्रकार के अनेक देवी-देवताओ और साधु-सन्यासियों की भक्ति, आराधना और सेवा और उन्हे अपने अनुकूल बनाये रखने के लिये किये गये प्रयत्नो का प्रासगिक वर्णन किया है। आराधना और पूजार्चना के हेतु मंदिरो का निर्माण, मूर्त्ति-स्थापन, दानादि से उनकी व्यवस्था के उल्लेख-धर्म और भक्ति-भावना और सस्कृति पर प्रकाश डालते हैं। पशु-पक्षियों के शकुनो के आधार पर कार्य-सिद्धि और जय-पराजय आदि का और लोक-परपरा और शकुन-शास्त्र के अतर्गत आने वाले कई शकुन प्रसगों का वर्णन इसमें खूब सरस भांति से हुआ है।

नक्षत्र-विज्ञान पर आधारित राजस्थानी साहित्य के शकुन-शास्त्र की १६ दिशाओं ने किस प्रकार इस ख्यात मे दिशाओ और उपदिशाओ के मध्य दिशावकाश प्राप्त कर विशेष दिशाओ के नाम से अपना महत्त्व स्थापित किया है। शकुन और दिशा-विज्ञान दोनो में किसाधन सबंधो विज्ञान की शोध वस्तु है। अतः इस दृष्टि से भी यह ख्यात मननीय है।

६. पुरातत्त्व संबधी अवशेषों का परिचय

राजपूत राजाओ का वास्तुकला-प्रेम प्रसिद्ध है। अनेक राजा और ठाकुरो

कई सिक्कों के नाम और उनके चलन का विवरण है जो कई सदियों से १८ वीं, १९ वीं सदी तक विभिन्न राज्यों में प्रचलित थे।

इसी प्रकार मगळीक, यधामणा, गुळ, सूखडो, वळ, भेट, तलार, धाब, पेसकस, दहबराड, दाण, वहतीवाण, पाघबराड, तुलावट, मळबो, लाचो, हासल, भोग, हळ (हळगत), भोम, मोभ, पूछी, घोडाचारण, ढोर-चराई, वाडी रो लाग, काजी री लाग, कोटवाळी लाग इत्यादि अनेक प्रकार के कर और उनका प्रचलन तथा मण, छेर, टाक आदि तोल और मण, माणो, मूणो, सई, भर, भारो आदि धान्यादि के मापों के नाम और उनके चलन का विवरण इत्यादि।

ने अपने नाम से नगर, दुर्ग, प्रासाद, तालाव, मंदिर और कीर्त्ति-स्मारकों का निर्माण करवाया है। प्रस्तुत ख्यात में ऐसे कई पुरातत्व सम्बन्धी अवशेषों का निर्माण-संवत्, प्रयोजन और उनके निर्माताओं का विवरण दिया गया है। अतएव पुरातत्व विभाग के लिये इसमें अमूल्य सामग्री सुरक्षित है।

७. शाखायें और वंशावलियां

राजपूत जाति के इतिहास को समझने के लिये उसकी शाखा-प्रशाखाएँ और वंशावलियां सबसे बड़ा आधार हैं। वीरता की वहां पूजा है; अतः राजपूतों में यदि एक व्यक्ति के पांचों पुत्र वीरता में अपना व्यक्तित्व बना लेते हैं तो वे पांचों ही पांच पृथक् शाखाओं के मूल पुरुष बन जायेंगे। दानशीलता, धर्मपरायणता और बौद्धिक क्षेत्र में भी ऐसे शाखा-पुरुषों का वर्णन पाया जाता है। नैणसी ने राजपूतों को इस प्रकार से बनी उनकी शाखाओं, वंशावलियों और पीढ़ियों की विस्तृत सूचियां दी हैं, जिनका अन्यत्र प्राप्त होना असम्भव है। पीढ़ियों में विशेष व्यक्तियों के विशेष कार्य, सेवायें, युद्ध और जागीर पाने और जागीर होने के कारण और उनकी संवत्-तिथि, जन्म और मृत्यु-तिथि आदि आवश्यक बातों का साथ का साथ ही संक्षिप्त विवरण दिया हुआ रहता है।

८. जाति और धर्म परिवर्तन

काल के घूर्णित चक्र ने कई व्यक्तियों और जातियों को अपना नाम, धर्म और देश परिवर्तन करने को विवश किया है। नैणसी ने अपनी ख्यात में ऐसे कई अवसरों का वर्णन किया है, जबकि अनेकों की संख्या में हिंदू मुसलमान बन गये या बना लिये गये। ब्राह्मण क्षत्रियों में और क्षत्रिय कृषि-कर्म में प्रवर्त कृषक जाति में तथा शूद्रों में परिवर्तित हो गये। कई ब्राह्मण और क्षत्री-वैश्य और शिल्पियों में बदल गये। अनेक जातियों के प्रादुर्भाव की बातें इस ख्यात में वर्णित हैं।

९. लोक-साहित्य

इस ख्यात में इतिहास से जुड़ी हुई अनेक छोटी-मोटी सरस और महत्वपूर्ण सामाजिक घटनाएँ उद्धृत हैं, जो जन-जीवन में लोक-साहित्य बन कर लोक-वार्ताओं के रूप में सामने आई हैं। जगमाल मालावत, लांनो विजैराव, लाखो फूलाणी, हुरड़ वनो, हेमो सीमाळोत, सिद्धराज सोलंकी, खाफरो चोर, विक्रमाजीत आदि ऐसी पचासों बातें हैं जो आज लोकवार्ताओं के नाम से भी प्रसिद्ध हैं।

लोक-साहित्य पर शोध करने वालों के लिये विविध प्रकार की सामग्री यह ख्यात प्रचुर परिमाण में उपस्थित करती है।

१०. भाषा

'नैणसी री ख्यात' भाषा-वैज्ञानिकों के लिये जो शोध-सामग्री उपस्थित करती है, वह सब से अधिक महत्वपूर्ण है। इसकी भाषा पश्चिमी राजस्थानी का विशिष्ट रूप है जो राजस्थान की सब से अधिक सशक्त और विकसित भाषा है। तत्कालीन अन्य भारतीय अपभ्रंश भाषाओं की परम्परा में इसकी परम्परा अपने विकास में अग्रणी, परिपक्व और अधिक प्राचीन गद्य-शैली का रूप है[२१]।

पश्चिमी राजस्थानी उपनाम मारवाड़ी भाषा (मरु भाषा) में प्राप्त गद्य-साहित्य के विविध रूप, कहावतों और रूढ़ प्रयोगों की प्रचुरता विभिन्न पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग, कारकों की विभक्तियों[२२] के अनेक प्रकार और रूपों का प्रयोग, प्रत्यय और उपसर्ग आदि के विभिन्न रूप, क्रियापद, सर्वनाम और विशेषणों के सैकड़ों रूप, भौगोलिक स्थानों की वास्तविक स्थिति-निर्देशन के लिये विशेष-दिशाओं[२३] के नामों का प्रयोग, अनेक संज्ञाओं के ऐसे भेद जिनके पर्याय हिंदी में नहीं मिलते और जिनका व्यक्तिकरण व्याख्या द्वारा करना पड़ता है इत्यादि बातें इसकी प्रौढ़ता, व्यापकता और अर्थबोधकता के स्पष्ट उदाहरण हैं। नैणसी की ख्यात में सहस्रों स्त्री-पुरुषों एवं नगरों आदि के नाम अपभ्रंश भाषा की परम्परा के अध्ययन की मूल्यवान सामग्री है। उदाहरण के लिये 'ऊदल' पुरुष नाम को लें। यह उदयसिंह का अपभ्रंश रूप है। उदयसिंह के उत्तर पद के 'सिंह' का लोप होकर उसके स्थान पर 'ळ' प्रत्यय रूप में आ जाने से 'उदय' का 'ऊद' आदेश होकर 'ऊदळ' रूप बन गया। इसी प्रकार अखसो,

---

२१. भाषा और प्राचीन इतिहास के विद्वान् डॉ० दशरथ शर्मा डी० लिट्० 'दयाळदासरी ख्यात' के इन्ट्रोडक्शन में उक्त ख्यात और 'नैणसी री ख्यात' की भाषा के सम्बन्ध में तुलना करते हुए लिखते हैं—

Dayaldas Sindhayach was an erudite scholar. He was an accomplished rhetorician, a writer of excellent Marwari, only a little inferior to that of Nainsi Muhnot."

२२. दे० टिप्पणी स० १४, इस ख्यात में मात्र सम्बन्ध-सूचक षष्ठी विभक्ति के लिये ७ या ८ विभिन्न रूप प्रयुक्त हुए हैं।

२३. दे० टिप्पणी स० १३, विशेष-दिशाओं के नामों के लिये।

अरहड़, अळधरो, आसथांन, गंपो, छाहड़, पाबू, पेथड़, वैरड़ वाहड़, सीयक हड़बू आदि सहस्राधिक पुरुष नाम अपभ्रंश प्रभावित हैं।

नामों को इस प्रकार (अपभ्रंश परंपरा के अनुसार) छोटा करने में जहाँ एक ओर गर्वोक्ति और स्वमान त्याग की भावना काम करती है, वहाँ दूसरी ओर आत्मीयता और स्नेह-भावना भी परिलक्षित होती है। 'राणो रूपड़ो', 'राव लीडो' आदि राजाओं के ऊनता-सूचक नामों में यही भावना काम करती हुई दिखाई पड़ती है, तुच्छता की बोधक नहीं है।

ख्यात में ऐसे अपभ्रंश-प्रभावित नाम सभी क्षेत्रों में दिखाई पड़ते हैं। आवड़, ईहड़, गायड़, जसमादे, लाछां, हुरड़ आदि स्त्री नाम; कमधज किराड़ खेड़ेचा, चीबा, पोकरणा, विसनोई आदि जाति नाम; और अटाळ, अणदोर, अरणोद, आफूड़ी, ईकुरडी, किराड़ू और कूड़ो आदि गाँवों के नाम—ऐसे सहस्रों नाम हैं जो अपभ्रंश भाषा से प्रभावित हैं।

मध्यकालीन पुरुष नामों में, यद्यपि भाषा से इस बात का कोई सम्बंध नहीं है, तथापि राजनैतिक दबाव और चापलूसी के कारण कई क्षत्रियों ने अपने नामों का (हिन्दू धर्म में रहते हुए भी) मुसलमानीकरण कर दिया था। तातारखां, लाडखां, अलखां, महमंद और भाखरखां आदि हिन्दुओं के पचासों मुसलमानी नाम मध्यकालीन समाज और इतिहास की एक उल्लेखनीय घटना है। जबकि क्षत्राणियों ने क्षत्रियों (अपने पिता, पति और भाई आदि) का अनुसरण करके ऐसा एक भी उदाहरण प्रस्तुत नहीं किया है।

११. राजस्थान की मध्यकालीन सती-प्रथा

ख्यात में सैकड़ों सतियों का विवरण उल्लिखित है। इसमें ऐसी अनेक वीरांगना और पतिव्रता सतियों का वर्णन है, जिन्होंने राजस्थान का मुख उज्ज्वल किया है। उनमें सतीत्व की सच्ची भावना के दर्शन होते हैं। उन्होंने नारी समाज के सामने पतिव्रत और सतीत्व-धर्म का एक आदर्श पेश किया है। वे अवश्य पूजनीय हैं। परंतु दूसरी ओर इस प्रथा का एक रोमांचक पक्ष भी है, जिसमें इस जाति के साथ बड़ी निर्दयता से अत्याचार हुआ है। मृत पुरुष की लाश के साथ स्त्री को चिता में बिठाये बिना जलाना समाज और उस पुरुष का अपमान समझा जाता था।[२४] एक पुरुष को उसकी अनेक पत्नियों के सिवाय

---

२४. 'ताहरां अ असवार पाछा गया। भायलै देखै तो सगरो तोरण नीचै पड़ियो छै। ताहरां कह्यो—'जी, सती हुवी सगरै नूं लेनै। सती नूं कहो जु बाहिर आवै ज्यूं सगरै नूं दाग

अनेक वेश्याएँ, दासियाँ, नौकरानियाँ, गायिकाओं और गोलियाँ आदि को उसकी चिता में पड़कर जलना पड़ता था[२५]। कितना हृदय-विदारक दृश्य होगा वह? ये सभी भोग्या-स्त्रियाँ सती हुई कहलाती थी और अधिक स्त्रियाँ साथ में जलने से उस पुरुष का अधिक सम्मान समझा जाता था। कहाँ वह दैवी-दृश्य जिसमें एक समाधीष्ट योगी के समान प्राण विसर्जन करके अथवा स्वयं योगाग्नि प्रज्वलित करके परलोक में भी साथ ही में रहने की भावना से पति का सहगमन किया जाता था। यही नहीं, किन्तु पुत्र के लिये माता ने और भाई के लिये बहिन ने, इसी प्रकार अपने प्राणों का विसर्जन करके अपनी स्नेहाकुल और नारी-सुलभ कोमल एवं पवित्र भावनाओं का उच्च आदर्श उपस्थित किया था और कहाँ यह घोर नरमेध का नारकीय दृश्य?

सती प्रथा का प्रारंभ, धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से नारी-समाज के ऊपर उसका प्रभाव, नारी समाज की स्वेच्छा या पुरुष समाज की जबरदस्ती अथवा रिवाज आदि वर्तित व्यवहार, प्रथा का कानूनन निर्मूलन के बाद की स्थिति, जबरदस्ती और रिवाज के कारण हुई सतियों और वास्तविक सतियों के विवरण, सतियों के सम्बन्ध का शिष्ट और लोक साहित्य आदि सभी बातें शोध का महत्वपूर्ण विषय है।

देवा।' ताहरां बींदणी नूं भीतर बाप कहियो। ताहरां बींदणी कह्यो—'खेतसीह मारियो हुवै तो [illegible] सती न हवूं। सगरै नूं धीसनै मांस देवो।' पाछै आपनै कहियो—'जी, हमैं नहीं।' ताहरां कहियो—'जी, म्हे एकलै ही सगरै नूं बाळां?' तो कह्यो—'म्हे मणसमाही ही सती करां?' ताहरा कह्यो—'थावो बारै।' ताहरां जानी ही सिलह पहरै छै, मांढी ही सिलह पहरै छै। बेहु हथियार बांधै छै, सिलह पैंहरीजै छै। ताहरां बींदणी दीठो भर मा भर बाप नै कहियो—'हे ठाकुरां-रजपूतां! [illegible] बैर खेतसीह री छूं, पर एकली रै वास्तै घणा जीव मरै छै, तै हूं सगरै साथ बळीस।' बींदणी बाहिर आयनै सगरै साथै बळी।

—नैणसी री ख्यात, भाग ३, पृ० ४७-४८

२५. बीकानेर महाराजा जोरावरसिंह की मृत्यु पर दो रानियां, एक खवास, बारह पातरियां (वेश्याएँ), [illegible] खालसा, एक वडारण, एक सहेली, दो सहेली पातरियों की और एक पातरियों की रसोईदार ब्राह्मणी=कुल २२ स्त्रियां साथ में जली थीं।

—ख्यात, भाग ३, पृ० २११

जोधपुर महाराजा अजीतसिंह के साथ ६ रानियां, २० दासियां, ९ उर्दाबेगनियां, २० गायनें और २ हजूर-बेगनियां=कुल ५७ स्त्रियां जलकर मरीं थी।

—नैणसी री ख्यात, भा. ३, पृ. २१३ की टिप्पणी और श्री आसोपा का 'मारवाड़ का मूल इतिहास', पृ. २२३

१२. देश-द्रोही और स्वामी-द्रोही

प्रसिद्ध देश-द्रोही जयचंद की परम्परा को जीवित रखने वाले अनेक स्वामी-द्रोही और देश-द्रोहियों का वर्णन ख्यात में आया है। पावागढ़ के पताई रावळ (यशवंतसिंह) के विरुद्ध सईया वांकलिया का, अणहलपुर-पाटण के कर्ण गहलड़े के विरुद्ध नागर-ब्राह्मण माधव का, सिवाना के चोहान सातल और सोम के विरुद्ध भायल सजन का, सिवाना के राव कल्लाजी राठौड़ के विरुद्ध पोलिया नाई का, खेड़-पाटण के गोहिलों के विरुद्ध उनके मंत्री डाभियों का और जालोर के वीर कान्हड़दे के विरुद्ध वीका दहिये इत्यादि का देश-द्रोह। इन देश-द्रोहियों के संबंध में बहुत कुछ लिखे जाने की सामग्री इस ख्यात में प्राप्त है।

जिन्होंने ऐसा द्रोह किया है, उनके राजनैतिक और व्यक्तिगत कारण, वास्तविकता और अवास्तविकता की दृष्टि से शोध का एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। इनके कारण हुए अनेक युद्ध, राज्यों का पतन, नये राज्यों का जन्म और उत्थान और जातियों का पलायन और निर्मूलन, राज्यों की आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक स्थिति और जिन कारणों से अपने समझे जाने वाले और विश्वासपात्र व्यक्तियों ने विश्वासघात करके देश-द्रोह या स्वामी। द्रोह किया उनकी दशा कैसी रही, इत्यादि शोध के अनेक उपयोगी अंग इस ख्यात में प्राप्त हैं।

ख्यात का प्रस्तुत संस्करण

प्रस्तुत 'नैणसी री ख्यात' के सम्पादन की भी एक घटना है। सन् १६३४ की बात है। मैं जोधपुर के भूतपूर्व और उदयपुर के तत्कालीन प्राइम मिनिस्टर स्व० पंडित सर सुकदेवप्रसाद के द्वारा तैयार करवाये जा रहे राजस्थानी भाषा के बृहत् डिंगल-कोश के सम्पादन का काम पावटा लाइन्स के उनके उम्मेद-भवन में करता था। तभी एक दिन मातृ-भाषा के परम सेवक मेरे विद्वान् मित्र स्व० श्री रामयश गुप्त इस ख्यात की एक प्रति मेरे पास लाये और इच्छा प्रगट की कि मैं इसका सम्पादन कर दूं। प्रकाशन आदि का व्यय वे स्वयं वहन कर लेंगे। इस पर रात-दिन बड़े परिश्रम के साथ हम दोनों मित्रों ने लगभग एक हजार पृष्ठों में प्रेस-कापी के रूप में इसकी प्रतिलिपि तैयार कर ली और २८४ पृष्ठों तक की शब्दार्थ और व्याख्या आदि की टिप्पणियां देकर पूरी प्रेस कापी भी तैयार करली। एक ख्याति-इच्छुक मित्र भी इसका सम्पादन करना चाहते थे। उनके पास भी इस ख्यात की दो अशुद्ध और त्रुटित प्रतियां थीं। तब तक उन्हें हमें प्राप्त प्रति के जैसी शुद्ध और सुवाच्य प्रति कोई प्राप्त नहीं हुई थी।

एक दिन अवसर पाकर वे हमारी अनुपस्थिति मे हमारी तैयार प्रेस-कापी के २८४ पृष्ठ, ४०७ से ४८६ तक के ८० और ६०५ से ६३४ तक के ३० पृष्ठ—कुल ३७४ पत्रो को, 'रतनरासो' और सपादित 'हरिरस' की पाण्डुलिपियों के साथ उठा ले गये। बहुत अनुनय-विनय करने पर भी उन्होंने इन्हें वापिस देने की कृपा नहीं की।

'रतनरासो' की उस प्रति के कोई २० वर्ष बाद बीकानेर मे श्री अगरचदजी नाहटा के यहां अकस्मात दर्शन हुए जो उनको महाराज-कुमार डॉ० श्री रघुवीरसिंहजी ने श्री काशीराम शर्मा से सम्पादित करवाने को कई अन्य प्रतियो के साथ भेजा था। मेरे हाथ से लिखी हुई मेरी प्रति के ऊपर महाराज-कुमार के हाथ से लिखा हुआ था—'महाराज श्री मांधातासिहजी बीकानेर से प्राप्त।' नाहटाजी को इस घटना का जिक्र पहले किया जा चुका था। अत इस प्रति को देख कर उन्हें बडा आश्चर्य हुआ। प्रति ने न जाने कहां-कहा की यात्रा करके एक सरपरस्त और बहुत ही विश्रुत विद्वान् की शरण ली। आश्चर्य के साथ प्रसन्नता भी हुई। हरिरस और ख्यात के पत्रो का आज तक कोई पता नही लगा।

गारासणी ठाकुर स्व० श्री भीमसिहजी के अनुरोध से मैंने हरिरस का दूसरी बार हिंदी टीका सहित सम्पादन किया था। किन्तु श्री नाथूदानजी महियारिया की 'वीर सतसई' का जोधपुर के राजकीय गैस्ट हाउस मे कई महीनो तक सम्पादन करने के फलस्वरूप जो धोखा खाना पडा और हानि उठानी पडी, इस हरिरस के द्वितीय सस्करण के सबध मे भी ऐसा ही हुआ। अन्य सम्पादको के नाम से ये दोनो ग्रथ प्रकाशित हो गये। वीर सतसई के सम्पादन मे और हानि उठाने मे श्री सीतारामजी लालस भी साथ मे थे।

हरिरस का आज तक प्राप्त प्रतियो से सब से पुरानी और शुद्ध एव विषय-विभाजित प्रति से तीसरी बार भक्ति ज्ञानामृत भावार्थ-दीपिका, शब्द कोश, कथा कोश, प्रक्षिप्त पाठ आदि महत्वपूर्ण विषयो के साथ पुन सम्पादन किया गया है जिसे सादूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीटयूट, बीकानेर ने प्रकाशित कर दिया है।

ख्यात के चुराए गए उन त्रुटित पत्रो की पूर्ति के लिए बहुत लम्बे समय तक कोई सुवाच्य और शुद्ध प्रति हाथ नही लगी। जिस प्रति से पहले प्रतिलिपि की गई थी वह श्री गुप्त के गूगा गाव के उनके एक सम्बन्धी के प्रयत्नो से प्राप्त हुई थी, उसके लिए भी उन्होंने कोशिश बहुत की, परन्तु वह फिर हाथ नही लगी।

इधर मुहणोत श्री मांगीमलजी एडवोकेट ने नैणसी के सीधे वंशज मुहणोत सुधराजजी के यहाँ की प्रति के लिए भरसक कोशिश की परन्तु उन्हें भी निराश होना पड़ा। बहुत दिनों के बाद स्व० पं० श्री विश्वेश्वरनाथजी रेऊ के सौजन्य से दो प्रतियें प्राप्त हुईं। यद्यपि ये प्रतियां इतनी शुद्ध और सुवाच्य नहीं थीं, फिर भी उनसे खासा काम लिया जा सका था। एक वहीनुमा प्रति सुन्दर मारवाड़ी शिकस्ता लिपि को स्व० पं० रामकर्णजी आसोपा से प्राप्त हुई थी जिससे मिलान करने में अच्छी सहायता मिली थी, परन्तु इसमें भिन्न-भिन्न जगहों के दो तीन पत्र त्रुटित थे। इसलिए अन्य शुद्ध और सम्पूर्ण प्रति को प्राप्त करने के प्रयत्न बहुत समय तक चलते रहे। अन्त में एक बहुत सुन्दर प्रति चि. भूपतिराम के अथक प्रयत्नों से कई हाथों में होकर इन्हें प्राप्त हुई, जो अपेक्षाकृत सुवाच्य और शुद्ध थी जिससे पदच्छेद और पाठों को शुद्ध करने एवं त्रुटित अंश की पूर्ति करने में बड़ी सहायता मिली। बीकानेर में प्रो० नरोत्तमदासजी की एक प्रति से पाठों का मिलान करने में सहायता ली गई। अनूप संस्कृत लाइब्रेरी बीकानेर की प्रति बीकानेर महाराजा करणीसिंहजी द्वारा उस पर शोध-निबंध तैयार करने के कारण दूसरा भाग लगभग आधा छप जाने के बाद हाथ लगी। यह प्रति भी शुद्ध लिखी हुई सीहथल के बीठू पन्ना के हाथ की मूल प्रति है। अधिकांश प्रतियें इसीकी प्रतिलिपियें मालूम होती हैं, क्योंकि उनमें भी बीठू पन्ना का नाम अनेक बातों के अंत में यों का यों उल्लिखित है। प्रस्तुत संस्करण को तैयार करने में इन सभी प्रतियों के आधार से पाठों का मिलान करने और शुद्ध करने में बड़ी सहायता मिली।

मैं जब बीकानेर में था तब मुनि श्री जिनविजयजी महाराज का बीकानेर पधारना हुआ था। उस समय श्री नाहटाजी के द्वारा ख्यात की प्रेस कॉपी दिखाने पर मुनीजी ने इसे पुरातत्वान्वेषण मंदिर, जयपुर (वर्तमान नाम 'राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर) से प्रकाशित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी। उनकी कृपा के फलस्वरूप इस ख्यात के ये चारों भाग पाठकों की सेवा में प्रस्तुत हैं।

समस्त ख्यात-ग्रंथ तीन भागों में सम्पूर्ण हुआ है। चौथा भाग इस वृहत् ग्रंथ का महत्वपूर्ण परिशिष्ट भाग है। इसमें चारों भागों की विस्तृत विषय-सूची, भूमिका, नैणसी और महाराजा जसवन्तसिंह के सम्बन्ध की आवश्यक जानकारी और वैयक्तिक, भौगोलिक और सांस्कृतिक नामों के तीन विभागों के सात उप-विभागों में इस ख्यात की वृहत् नामानुक्रमणिका पृष्ठांकों के साथ दी

गई है। इस नामानुक्रमणिका में १०००० हजार से अधिक नामो का संकलन हुआ है। नामो की इतनी बडी सख्या दूसरे ख्यात ग्रन्थो में शायद ही आ सकी होगी। इनके अतिरिक्त पद, विरुद और उपाधि आदि ख्यात में प्रयुक्त विशिष्ट सज्ञाओ की विशिष्ट अर्थों के साथ नामावली, ख्यात में प्रयुक्त पुत्र-सज्ञक ५३ और पौत्र-संज्ञक १७ पर्यायवाची शब्दो की सूची, कुछ विशेष व्यक्तियो का जन्म-समय और जन्म-कुण्डलियें (जो केवल अनूप सस्कृत लाइब्रेरी, बीकानेर की प्रति में ही प्राप्त हैं,) नामानुक्रमणिका की सम्पूर्ति और शुद्धि-पत्र आदि ख्यात से सबधित अनेक महत्त्वपूर्ण और उपयोगी विषय इस चौथे भाग मे दिए गए हैं।

ख्यात के इस सस्करण को तैयार करने मे मुझे जिन महानुभावो की सहायता प्राप्त हुई है, उनमें इसके आदि प्रेरक मेरे परम मित्र और सहपाठी स्व० श्री रामयश गुप्त का नाम चिरस्मरणीय है। इसके प्रकाशन से उनको आत्मा को अपनी उत्कट साहित्यानुरागिता के एक अश को पूर्ति होने के रूप में शांति मिलेगी।

महामहोपाध्याय स्वर्गीय पडित विश्वेश्वरनाथजी रेउ, महामहाध्यापक स्व. प. रामकर्णजो आसोपा और विद्यामहोदधि श्री नरोत्तमदासजी स्वामी तथा दो वे महानुभाव जिनके नाम ज्ञात नहीं हो सके हैं, जिन्होंने अपनी हस्तलिखित प्रतियो का उपयोग करने की सहायता की, बहुत आभारी हूँ।

श्री अगरचन्दजी नाहटा का सहयोग, प्रकाशनार्थ प्रयत्न और प्रेरणा के कारण इनका बडा भारी आभारी हू।

जोधपुर के श्री मागीमलजी मुहणोत एडवोकेट ने अपनी वश-परम्परा में स्वनाम-धन्य नैणसी की शाखा से सीधा सम्बन्ध रखने वाले श्री सुखराजजी मुहणोत से *'नैणसी री ख्यात'* प्राप्त करने के लिए कई बार प्रयत्न किए पर इन्हें भी अन्यो की भाँति निराश ही होना पडा। इनकी इस सहृदयता के लिए मैं इनका बहुत कृतज्ञ हूँ।

आचार्य श्री परमेश्वरलाल सोलकी ने अनूप सस्कृत लाइब्रेरी की प्रति प्राप्त करने और उससे पाठों का मिलान करने, नोट्स तैयार करने आदि की अमूल्य सहायता के लिए इनका बडा आभारी हूँ।

चि. भूपतिराम की सहायता और उस प्रति को प्राप्त करने के प्रयत्न, जिसके फलस्वरूप प्रति प्राप्त हुई और रुका हुआ काम आगे चला, अपनी पितृ-

सेवा की निर्मल भावना और कर्त्तव्य-पालन के उपलक्ष्य में आयुष्मान्, श्रीवृद्धि और सफल जीवन के अनंत आशीर्वादों के निरन्तर अधिकारी हैं।

ख्यात के प्रथम दो भागों का प्रूफ-रीडिंग प्रायः प्रतिष्ठान के वरिष्ठ शोध-सहायक श्री पुरुषोत्तमलालजी मेनारिया ने किया है। इनका भी मैं आभारी हूँ।

साधना प्रेस, जोधपुर के व्यवस्थापक श्री हरिप्रसादजी पारीक का बहुत आभारी हूं जिन्होंने इस सुंदर रूप से ग्रंथ का मुद्रण ही नहीं किया, अपितु बहुत सावधानी से और बार-बार प्रूफ की भूलों को सुधारने में अमूल्य सहायता की है।

अन्त में राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान के सम्मानीय संचालक पद्मश्री मुनि जिनविजयजी महाराज का इसके प्रकाशन के लिए अत्यंत आभारी हूँ, जिनकी कृपा के फलस्वरूप यह महत्वपूर्ण ग्रंथ इस सुन्दर रूप में प्रकाशित हो सका है। और इसी प्रकार प्रतिष्ठान के उप-संचालक पण्डित गोपालनारायणजी बहुरा का आभारी हूँ जिनका मधुर व्यवहार और प्रकाशन के लिए हर संभव प्रयत्न सदा प्राप्त होता रहा है।

साकरिया - सदन
वल्लभ-विद्यानगर
रामनौमि, २०२४ वि.

प्रा. बदरीप्रसाद साकरिया

मुहता नैणसी री ख्यात, भाग ४]

मुहता नैणसी

[नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित 'मुहणोत नैणसी की ख्यात' से सधन्यवाद पुनर्मुद्रित]

जोधपुर के महाराजा जसवंतसिंह-प्रथम के दीवान प्रसिद्ध ख्यात-लेखक मुंहता नैणसी

भूतपूर्व मारवाड़ राज्य के मालाणी परगने के इतिहास-प्रसिद्ध खेड पाटण नगर में गोहिल क्षत्रियों[1] के राज्य को नष्ट कर मारवाड़ मे राठौड़ राज्य की सर्व प्रथम नींव डालने वाले राव सीहा और उनके पुत्र राव आसथान हुए। राव आसथान के पौत्र राव रायपाल हुए। रायपाल के चौदह पुत्रो मे से सब से बड़ा खेड-पाटण का स्वामी राव कनपाल हुआ, जिसके एक भाई का नाम मोहण था। मोहण ने जैसलमेर मे श्री जिनचंद्रसूरिजी से जैन-धर्म स्वीकार कर लिया[2]।

---

१. राव सीहा के पुत्र राव आसथान ने इतिहास प्रसिद्ध खेड-पाटण के स्वामी गोहिल और उनके मन्त्रियों को भगाकर राठोड-राज्य की स्थापना इस नगर मे सर्व प्रथम की। (इसीलिये राठौड़ों की मूल शाखा खेड़ेचा कहलाई)। गोहिल और डाभी आसथान के आतंक से भाग कर सौराष्ट्र मे चले गये और वहां अपने राज्य कायम किये। ओझाजी ने लिखा है कि खेड या खेड़पुर 'क्षीरपुर' का अपभ्रंश रूप होना चाहिये। इस समय यह नगर खंडरों का ढेर है। केवल दो-एक पुराने मन्दिर शेष हैं। बड़े मन्दिर मे श्री रण-छोडराय की बड़ी भव्य और कलापूर्ण मूर्ति दर्शनीय है। मूर्ति की चोकी पर सं० १२३२ फाल्गुन सुदि २ सोमवार का लेख अङ्कित है। कुछ समय पूर्व श्रीऋषभदेव के मंदिर का एक तोरण प्राप्त हुआ है जिस पर सं० १२३७ मे विजयसिंहसूरि द्वारा इस तोरण की प्रतिष्ठा करवाने का उल्लेख है। एक मत के अनुसार मोहणोत शाखा के प्रवर्त्तक मोहणजी ने यहां ही जैनधर्म स्वीकार किया था।

२. भाटों की ख्यातों मे मुहणोत गोत्र की उत्पत्ति के विषय में लिखा है कि एक बार मोहनजी शिकार करने गये। उनके हाथ से एक गर्भवती हरिणी का शिकार हुआ। उसे मरते देख मोहनजी का चित्त व्याकुल होगया और वे खेड ग्राम की बावड़ी के पास आकर खड़े हुए। इतने मे ही उसी रास्ते से जैन यतिवर्य शिवसेनजी आ पहुँचे। उन्होंने मोहनजी को छळ छान पानी पिलाने को कहा। मोहनजी ने पानी पिलाया और हरिणी को जीवन दान देने के लिए यति महाराज से प्रार्थना की। यतिजी ने उसे जीवनदान दिया। मोहनजी ने उनको अपना गुरु माना और वि० सं० १३५१ कार्तिक सुदि १३ को खेड ग्राम में उनके द्वारा जैन-धर्म अंगीकार किया। इससे मोहनजी के परिवार वाले मुहणोत कहलाए।

—'हिन्दुस्तानी' पृ० २६७, मुहणोत नैणसी और उनके वंशज' नामक श्रीहजारीमल बांठिया का लेख और 'ओसवाल जाति का इतिहास' के 'ओसवाल जाति के प्रसिद्ध घराने' नामक खण्ड में 'मुहणोत' उपखंड पृ० ४६ एवं 'महाजन वंश मुक्तावली।'

अतः इनके वंशज भी जैन-धर्मावलंबी ही बने रहे और जैन-धर्म को मानने वाली प्रधान जाति ओसवालों में मिलकर अपने पुरखा मोहणजी के नाम से मोहणोत (मुहणोत) शाखा के ओसवाल कहलाये।

ओसवाल जाति में परिवर्त्तित होने पर भी आत्मीयता के कारण अपने राठोड़ वंश से मोहणोतों का कई पीढ़ियों तक राज्य-प्रबन्ध और संचालन-विषयक सम्बन्ध बना रहा।

मोहणजी से २०वीं या २१वीं पीढ़ी में नैणसी के पिता मुंहता जयमल हुए। जयमल ने महाराजा सूरसिंह और महाराजा गजसिंह के काल में मारवाड़ के जागीरी ठिकानों और राज्य के उच्च पदों पर रह कर मारवाड़ की बड़ी सेवाएँ की थीं[३]। महाराजा गजसिंह के समय वि. सं. १६८६ में यह मारवाड़ राज्य के दीवान बन गये थे[४]। यह बड़े दानी[५] और धार्मिक प्रकृति के होने पर भी बड़े वीर थे। इन्होंने फलोदी और जालोर आदि परगनों को मारवाड़ राज्य में पुनः मिलाने के लिये सेनाओं का संचालन किया था और विजय प्राप्त की थी।

मुंहता जयमल के पांच पुत्रों में नैणसी सब से बड़े थे। इनका जन्म जयमल की प्रथम पत्नी सरूपदे की कोख से वि. सं. १६६७ मिगसर सु. ४ शुक्रवार को

---

३. माधोदास केसोदासोत भलो रजपूत हुवो। सं० १६९४ रावळा थी गांव भवराणी गांवां १० सूं दीधी हुती। इणरा चाकर जैमल मुहणोत खानाजंगी कीवी जद भवराणी छोड़ सं० १६८८ मोहबतखां रै वसियो। पछै अमरसिंघजी रै। पछै राजा जैसिंघजी रै वसियो माधोदास।

—बांकीदास री ख्यात, बात सं० १८१४

४. मुहणोत श्री मांगीमल एडवोकेट, तथा श्री गोविन्दनारायण मोहणोत एडवोकेट द्वारा प्राप्त—'Brief family history of Mohnots' में दीवान बनने का सम्वत् १६९० दिया है।

५. जयमलजी का नित्य साधुओं को जलेबी बांटने का नियम था। जब उनका देहान्त हो गया तो साधुओं को जलेबी मिलनी बंद हो गई। तब किसी कवि ने कहा कि—

परालब्ध पलटया परा, दीजै किणनें दोस।
जैमल जळेबी ले गयो, साधां करो संतोस॥

—विश्वमित्र, पूजा दीपावली अंक, १९६१, श्रीरामनारायण मोहणोत, कलकत्ता के 'प्रशासक व इतिहासकार नैणसी' नामक लेख से।

बांकीदास ने भी अपनी ख्यात की बात सं० २१०३ में अनेक दाताओं के नामों के साथ मुहणोत जैमल, जालोर का नाम भी अच्छे दाताओं में गिनाया है।

हुआ था[१] । नैणसी अपने पिता की भाँति वीर और कुशल कार्यकर्त्ता तथा प्रवन्धक थे । इन्होंने महाराजा गजसिंह और जसवन्तसिंह-प्रथम के काल में कई लड़ाइयों का सचालन किया था । सम्वत् १६९४–९५ में बलोचो से फलोदी की लड़ाई, स. १७०० में राडधरा की लड़ाई हुई जिनमें विजय प्राप्त की । स. १७०६ में पोकरण का परगना बादशाह शाहजहाँ ने महाराजा जसवन्तसिंह को इनायत किया; पर उस पर जैसलमेर वालों का अधिकार था । महाराजा के कारबारियों के पहुँचने पर रावल रामचद्र ने अपना अधिकार छोड़ना स्वीकार नहीं किया । इस पर महाराजा जसवतसिंह ने राठोड वीर सैनिकों और नैणसी को सेना देकर भेजा[२] । लड़ाई के पश्चात् राठौड़ी सेना का पोकरण पर अधिकार हो गया । इधर रावळ मनोहरदास के बाद भी महाराजा ने नैणसी के साथ सबलसिंह की सहायतार्थ सेना भेजकर रावल रामचद्र को जैसलमेर से भगा दिया और सबलसिंह को जैसलमेर का स्वामी बना दिया । इस प्रकार कई लड़ाइयों मे नैणसी ने अपने अद्भुत साहस और युद्ध-कुशलता का परिचय दिया था ।

नैणसी विद्यारसिक, कवि और इतिहास लिखने के शौकीन थे ।

---

६. सवत १६६७ मिगसर सुद ४ वार शुक्र, घ० ४२ । गताच ६ मु० श्रीनैणसीजी जनम

—हमारे निज के सग्रह 'विगत' में से और श्री मदनराव दौलतराम मेहता, जोधपुर के सग्रह में – 'सवत १७६२ रा मिती असाढ सुद ६ मुहणोत अमरसिंघजी री पोथी सूं' ।

७ स० १७०६ रा असाढ वद ३ जोधपुर सू फौज पोहकरण माथै विदा कीवी । राठोड गोपाळदास सुदरदासोत मेडतियो १, राठोड वीठळदास सुदरदासोत मेडतियो २, वीठळदास गोपाळदासोत चापो ३, नारखान राजसिंघोत कूपो ४, भडारी जगनाथ ५, मुणोयत नैणसी ६, सिंगवी प्रताप ७ ।　　—बांकीदास री ख्यात, बात स० ३२१

सम्वत् १७१४ में महाराजा जसवंतसिंह ने नैणसी की सेवाओं से प्रसन्न होकर मियां फरासतखां की जगह इन्हें अपने मारवाड़ राज्य का दीवान बना दिया। सं. १७२३ तक इस महत्वपूर्ण पद पर इन्होंने बड़ी योग्यता से काम किया।

महाराजा जसवंतसिंह को औरंगजेब की आज्ञा से प्रायः जोधपुर से बाहर रहना पड़ता था। उस समय राज्य के अपने सारे कार्य-भार को सम्हालने का अधिकार नैणसी को दिया हुआ था। राज्य को अच्छी सेवाएँ करने वाले को इन्हें गांव बख्शिश कर देने तक का अधिकार था। महाराजा ने अपनी अनुपस्थिति में महाराजकुमार की देख-भाल का काम भी इन्हीं को सौंप रखा था[८]।

कहा जाता है कि बाद में महाराजा इन पर खूब अप्रसन्न हो गये थे[९]।

---

८ दीवानगी के काम में नैणसी कितना विश्वस्त, सच्चा और ईमानदार था इस बात का पता महाराजा की ओर से लिखे गये पत्र से मालूम हो जाता है—

'सिधश्री महाराजाधिराज महाराजाजी श्री जसवंतसिंघजी वचनातु॥ मु॥ नैणसी दिसै सुप्रसाद वांचिजो। अठारा समंचार भला छै। थांहरा देजो। लोक, महाजन रैत री दिलासा कीजो। कोई किण ही सौं जोर ज्यादती करण न पावै। कांठा-कोरां री जापतो कीजो। कंवर रै डील रा पांणी रा जतन करावजो।

अरजदास थांहरी जोधपुर सूं फेर आई। हकीकत मालूम करी। थे जगनाथ लखमीदासोत नूं पटो दियो गांव ३ सु भलो कीनो।

—ओसवाल जाति का इतिहास : 'राजनैतिक और सैनिक महत्व' खंड, पृ० ४६.

९ नैणसी के ऊपर अप्रसन्न होने का कोई विश्वस्त कारण तो ज्ञात नहीं हो सका है; पर बात है यह सच्ची। कोई ऐसी राजनैतिक दांव-पेच की ही बात होनी चाहिए जिसके कारण इतने ऊंचे पद के विश्वस्त अधिकारी को ऐसी मौत का कारण बनना पड़े। श्री हजारीमल बांठिया ने अपने हिंदुस्तानी पत्रिका के लेख में लिखा है कि—

'जनश्रुति से पाया जाता है कि नैणसी ने अपने रिश्तेदारों को बड़े-बड़े पदों पर नियत कर दिया था, और वे लोग अपने स्वार्थ के लिए प्रजा पर अत्याचार किया करते थे। और इसी कारण महाराजा ने नैणसी तथा सुंदरसी दोनों बंधुओं को माघ वदि ६ (ता० २६ दिसंबर) को कैद कर दिया।'

श्री अगरचंद नाहटा ने 'वरदा' वर्ष ३ अंक १ में 'अपूर्व स्वामीभक्त राजसिंह खींवावत की ऐतिहासिक बात' में लिखा है कि—

'महाराजा जसवंतसिंह का नैणसी के ऊपर नाराज हो जाने का कारण प्रजा पर अत्यधिक हासल (कृषि-कर) वृद्धि कर देने के कारण प्रजा का राज्य छोड़ कर अन्यत्र चले जाना और जिससे गांवों का उजड़ जाना एवं जिसके कारण सात वर्षों में अठारह

महाराजा जसवंतसिंह छत्रपति शिवाजी को दबाने के लिये औरंगजेब की

लाख रुपयों की हानि होना बताया है। इन अठारह लाख रुपयों को नैणसी से दंड के रूप में वसूल करने की महाराजा ने आज्ञा करदी। नैणसी किसी भी प्रकार से रुपये देने को तैयार नहीं था। उसने तो एक पाई भी खाई नहीं थी। तब राजसिंह ने महाराजा से बहुत आग्रहपूर्वक प्रार्थना करके वह दंड तो माफ करा दिया, परन्तु महाराजा ने उसी समय नैणसी को दीवानगीरी से हटाकर उसकी जगह मिनें भंडारी को रख दिया और यह आज्ञा करदी कि भविष्य में मेरी कोई भी सन्तान किसी भी मुहणोत को राज्य-सेवा में नहीं रखेगी, ये देश और राज्य का बुरा चाहने वाले हैं।'

श्री रामनारायण मुहणोत कलकत्ता ने 'विश्वमित्र' दीपावली विशेषांक, १९६१ में इसके संबंध में बड़ी महत्वपूर्ण दो घटनाओं का उल्लेख किया है, जो इस प्रकार हैं—

(१) महाराजा जसवंतसिंह के बड़े पुत्र पृथ्वीसिंह की वीरता पर महाराजा को गर्व था। गर्व का परिणाम मजाक ही मजाक में यह हुआ कि पृथ्वीसिंह और बादशाह के एक जंगली सिंह की लड़ाई का खेल बादशाह ने देखना चाहा। प्रोग्राम बनाया गया। कुश्ती हुई, पृथ्वीसिंह ने बिना हथियार के शेर को चीर डाला। इससे पृथ्वीसिंह की वीरता की शोहरत और भी अधिक फैल गई। लेकिन औरंगजेब को बड़ी बेचैनी और ईर्षा हुई। पृथ्वीसिंह की इस वीरता के संबंध में कवियों ने बहुत कुछ कहा है। पृथ्वीसिंह के शिक्षक नैणसी थे। अतः पृथ्वीसिंह के साथ नैणसी भी बादशाह की आँखों में खटकने लगे। नैणसी के लिए भी बादशाह ने पृथ्वीसिंह के साथ ही साथ जाल बिछाना शुरू किया।

(२) *एक बार नैणसी ने एक बड़ी भारी दावत दी, जिसमें महाराजा जसवंत*सिंह भी आये। दावत की तैयारी और भव्यता महाराजा और औरंगजेब के दरबारी देख कर दंग रह गये। औरंगजेब के आदमियों ने यह अच्छा मौका देखा। उन्होंने महाराजा के कान भरे। महाराजा ने नैणसी से एक लाख रुपये की कबूलात के रूप में मांग की। नैणसी ने उस लाख रुपये की मांग को अपनी प्रतिष्ठा के प्रतिकूल और अपनी सेवाओं पर पानी फिराने वाला समझा। उन्होंने इनकार कर दिया और कह दिया कि—

लाख लखारां नीपजै, बड़ पीपळ री साख।
नटियो मूतो नैणसी, तांबो देण तलाक॥

(कबूलात उस प्रथा का नाम था जिसके अन्तर्गत राजा उसके राज्य के किसी भी जागीरदार अथवा प्रतिष्ठित व्यक्ति से अपनी मनचाही रकम मांग सकता था और वह उसे चुकानी ही पड़ती थी।)

नैणसी के कबूलात देने से इनकार कर देने के बाद उन्होंने जोधपुर में रहना उचित नहीं समझा और वह गुजरात की ओर चले गये तथा मार्ग में ही उनका देहान्त हो गया। उसी समय औरंगजेब ने महाराजा को गवर्नर नियुक्त करके काबुल भेज दिया और पृथ्वीसिंह को युवराज बना दिया। युवराज पद के उत्सव के समय औरंगजेब ने

आज्ञा से औरंगाबाद के थाने में नियत थे तब वि. सं. १७२३ में नैणसी और इनका भाई सुंदरसी भी महाराजा के साथ औरंगाबाद में गये हुए थे, वहां इन दोनों को कैद कर दिया और सं. १७२५ में दोनों भाइयों पर एक लाख रुपये दंड के लेने का निर्णय कर छोड़ दिया। परंतु इन्होंने दंड का एक पैसा भी देना स्वीकार नहीं कर के कैद में रहना ही उचित समझा। जब इन्होंने किसी भी प्रकार दंड देना स्वीकार नहीं किया तो महाराजा ने कैदी की ही हालत में इन्हें जोधपुर ले जाने की आज्ञा कर दी। देश में कैदी की हालत में लेजाने का यह अपमान इन्हें सहन नहीं हुआ और इससे भी अधिक मार्ग में महाराजा के मनुष्यों द्वारा तिरस्कार और कठोरतापूर्ण व्यवहार से इन्हें जीवन से ग्लानि हो गई। इसलिये ऐसे अपमानजनक जीवन से इन्होंने मरना अच्छा समझा। जन्मभूमि में पहुंचने के पहले मार्ग में फूलमरी गांव के पास वि. सं. १७२७ की भादों वदि १३ को दोनों भाइयों ने कटारें खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करदी[१०]।

नैणसी और सुंदरसी के दंड नहीं देने की इस घटना ने नट जाने की मनोवृत्ति वाले लोगों के लिये एक लोकोक्ति का रूप धारण कर लिया और जिसके कारण नैणसी जन-जीवन में अमर हो गये। जन-जन के जीवन में स्थान पाया हुआ लोकोक्ति का वह दोहा इस प्रकार प्रसिद्ध है—

> लाख लखारां नीपजै, बड़ पीपळ री साख।
> नटियो मूंतो नैणसी, तांबो देण तलाक[११]॥

पृथ्वीसिंह को विशेष प्रकार की पोशाकें पहनाई जिनके पहिनते ही पृथ्वीराज का काम तमाम हो गया। पृथ्वीसिंह की मृत्यु के समाचार से दुखी होने के कारण जसवंतसिंह की भी काबुल में मृत्यु होगई। नैणसी के कार्यों से प्रेरणा प्राप्त कर फिर वीर दुर्गादास ने जसवंतसिंह के परिवार और मारवाड़ को औरंगजेब के हाथों से बचाया।

१०. देखिये रामनारायण दूगड़ द्वारा अनुवादित 'मुहणोत नैणसी की ख्यात, द्वितीय खंड में ओझाजी द्वारा लिखित मुंहणोत नैणसी का वंश-परिचय' पृ० ९। हिन्दुस्तानी में 'मुहणोत नैणसी और उनके वंशज' लेखक श्री हजारीमल बांठिया, पृ० २७६ और 'ओसवाल जाति का इतिहास' के 'ओसवाल जाति के प्रसिद्ध घराने' नामक खंड में 'मुहणोत' उपखंड।

११. दोहे का भावार्थ इस प्रकार है—

'लाख लखारों के यहाँ मिलती है या वट और पीपल वृक्षों की शाखाओं में उत्पन्न होती है। यहाँ तो वह भी नहीं है। लाख रुपये दण्ड के रूप में की जो बात कही है—उसके

' कहा जाता है कि नैणसी और सुदरसी दोनों भाइयों ने जेल में अपनी ऐसी स्थिति से दुखी होकर परस्पर एक दूसरे को संबोधन करके वेदना-काव्य की रचना की थी, उसमें से दो दोहे प्रस्तुत हैं—

नैणसी—दहाड़ो जितरै देव, दहाड़ै बिन नहीं देव है।
सुर नर करता सेव, (अब) नेड़ा न आवै नैणसी॥

सुदरसी—नर रै नर आवै नहीं, आवै धन रै पास।
सो दिन आज पिछाणिये कहवै सुदरदास॥

नैणसी जिस प्रकार एक राजनैतिक, ऐतिहासिक और वीर पुरुष थे, उसी प्रकार वे एक अच्छे भक्त-कवि भी थे। इनके रचे हुए कई गीत और छंद जानने में आये हैं। यहां ईश्वर-स्तुति का एक डिंगल गीत दिया जा रहा है। गीत के भावों से पता लगता है कि यह रचना भी उनके बंदी-जीवन के समय की ही होगी[१२]।

गीत जातो गोरख मेहता नैणसीजी रो कह्यौ

सदा श्रीनाथ जिण नाम असरण-सरण, तारिया गयद अळ माझ तारण-तरण।
हाथ मत छोडियो सेण वेळां हरण, तो गिरधरण गिरधरण गिरधरण गिरधरण॥१॥
सास री आस जीवत सगळो जगत, अधो आकास पाताळ मांझी अवत।
थिरथियो अटळ ध्रुमंडळ देसो थिकत, तो दीनपत दीनपत दीनपत दीनपत॥२॥
मार मध कीट पहळाद जीतो समर, काज पहळाद हिरणंखि गजै गहर।
दड बळ जीपवा वीर-वीराधिवर, तो सखधर, सखधर सखधर सखधर॥३॥
कूड संसार विख सिंधु भरियो कहर, लोभ री लहर अजाद सुक्रत लैहर।
मयणसी भज सोइ नाथ करिवा निजण, तो साच हरि साच हरि साच हरि साच हरि॥४॥

करुणा से ओत-प्रोत भगवान श्रीकृष्ण से की गई प्रार्थना का गीत वास्तव मे बंदी-जीवन के कष्टों के कारण ही निकले अंतर के निर्मल उद्‌गार हैं। इस गीत के भाव, भाषा-सौष्ठव, वयण-सगाई अलंकार और रचना शैली आदि से

लिये तो नैणसी नट गया सो नट ही गया। एक पैसा भी देने की उसने तलाक ले रखी है।'

ऐसा ही यह एक दोहा दोनों भाइयों के नाम से प्रसिद्ध है—

लेसो पीपळ लाख, लाख लखारां लावसी।
तांबो देण तलाक, नटिया सुंदर नैणसी॥

१२. यह गीत राजस्थानी शोध-संस्थान, चौपासनी, जोधपुर के श्री सौभाग्यसिंह शेखावत ने भेजा है। लेखक इनकी सहृदयता के लिये आभारी है।

पता लगता है कि नैणसी एक उच्च कोटि के कवि थे और भक्त-कवि भी थे।

नैणसी और उनके भाई सुंदरसी को जेल में डालने, जेल से मुक्ति की एवज में एक लाख रुपये दंड किये जाने, किन्तु जीते जी दंड के रुपये नहीं भरने की नैणसी की कठोर प्रतिज्ञा और महाराजा जसवंतसिंह की ओर से दंड को माफ कर देने की, अथवा जेल में बंदी बना कर नहीं रखने की ओर कबूलात वसूल करने की ऐसी अनेक परस्पर-विरोधी इतिहास और लोक-विश्रुत बातों के अतिरिक्त एक यह भी आश्चर्यजनक और महत्वपूर्ण बात है कि महाराजा जसवंतसिंह ने इस दंड को माफ नहीं किया था और नैणसी और सुंदरसी के साथ उनके परिवार को भी कैद कर लिया था जिसे नागोर के सहदेव सुराना के द्वारा दंड वसूल करके छोड़ा था[13]। इससे मालूम होता है कि नैणसी और सुंदरसी का अपराध कोई साधारण अपराध नहीं था। बाल-बच्चों और कबीले को कैद में डाल देना किसी अवांछनीय असाधारण घटना या गंभीर अपराध का सूचक है। चाहे यह दोषारोपण ही हो, पर इसके मूल में कोई ऐसी आघातजनक बात जरूर होनी चाहिये, जिसे असत्य सिद्ध करने की दलीलें किसी समय के अत्यन्त विश्वसनीय दीवान नैणसी के द्वारा महाराजा को संतोष नहीं करा सकी होंगी, जिससे वे लाख रुपये के दंड के अपने निर्णय को बदलने के लिये किसी भी प्रकार राजी नहीं हो सके। और उनके बाल-बच्चे और स्त्रीवर्ग को कैद में डाल कर के एक तीसरे व्यक्ति से ही सही, उनके ऊपर किया गया दंड वसूल कर लिया गया।

किन्तु ओझाजी ने तो इतना ही लिखा है कि नैणसी और सुंदरसी के आत्मघात कर लेने से महाराजा जसवंतसिंह ने नैणसी और सुंदरसी के पुत्रों को भी छोड़ दिया। दंड वसूल करने या नहीं करने का कोई उल्लेख उन्होंने नहीं किया है[14]।

नैणसी के जीवन की ऐसी अनेक अनोखी घटनाओं में से एक घटना इनके एक विवाह के सम्बन्ध में भी कही जाती है। नैणसी जब जालोर पर अमल किए हुए थे तब इनकी सगाई बाड़मेर के कामदार कमा की बेटी कमला(?)

---

१३. राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर द्वारा प्रकाशित 'बांकीदास री ख्यात', बात सं० २१०६ (पृ० १७४)—

'नागोर रै सुराणै सहदेव पूहड़मलोत लाख रुपिया आपरा घर सूं राज में भर मुहणोत नैणसी सुंदरदास रा छोरू कबीला कैद सूं कढाया।'

१४. द्रष्टव्य, रामनारायण दूगड़ द्वारा अनुवादित 'मुंहणोत नैणसी की ख्यात' द्वितीय खण्ड श्री ओझाजी द्वारा लिखित 'मुंहणोत नैणसी का वंश-परिचय' पृ० ३।

से हुई थी। उस समय के राजाग्रो ग्रौर दीवानो के रिवाज के अनुसार इन्होने भी अपने प्रतिनिधि के रूप मे अपना खड्ग विवाह करने के लिए भेज दिया। नैणसी स्वय बरात बनाकर विवाह करने को नही गये। इस बात को कामदार कमा ने अपना अपमान समझा। उसने खड्ग के साथ दुलहिन की बजाय मूसल को भेज कर खड्ग की बरात को अपमानित करके लौटा दिया। इस अविवेक का परिणाम जो होना था सो ही हुआ। नैणसी ने बाडमेर पर आक्रमण कर दिया और लूट-खसोट करके उसको तहस-नहस कर दिया। बाडमेर उजड गया[१५]।

नैणसी कलम ग्रौर तलवार दोनो के धनी थे। उन्होने एक ग्रोर एक वीर की भाँति अनेक विकट घटनाग्रो ग्रौर युद्धों मे सरदारी की, दीवान बन कर मुसाहिबी की; तो दूसरी ग्रोर इतिहास की घटनाग्रो ग्रौर तथ्यो का सकलन कर 'ख्यात' ग्रौर 'मारवाड रा परगना री विगत' (गजेटियर या सर्व-सग्रह) जैसे बृहत् ग्रौर महत्वपूर्ण ग्रन्थो को लिख कर इतिहासकार के रूप मे इतिहास ग्रौर साहित्य दोनो क्षेत्रो मे बडी भारी सेवाएँ की। इतिहासकार इनकी प्रशसा ही नही करते, किन्तु इनसे प्रेरणा ग्रौर ग्राधार भी प्राप्त करते हैं। इनकी ख्यात इतिहास की दृष्टि से अन्य सभी ख्यात-ग्रन्थो से अधिक विश्वस्त ग्रौर महत्व-पूर्ण है। यही कारण है कि राजस्थान के सभी ख्यात-ग्रथो मे इस ख्यात ने सब से अधिक ख्याति प्राप्त की है।

नैणसी का 'मारवाड रा परगना री विगत'[१६] (सर्व-सग्रह) भी प्राय ख्यात जितना ही बडा ग्रथ है। यह मारवाड राज्य की सर्वेक्षण रिपोर्ट ग्रौर गजटियर है। उस काल का ऐसा महत्वपूर्ण ग्रन्थ साहित्य-जगत् में ग्रभी तक दृष्टिगत नही हुआ। इसमे उन्होने मारवाड के सभी परगने, परगनो के गाँव, गाँवो की आमदनी, जागीरी ठिकाने, उनकी रेख-चाकरी, भूमि की किस्म, इक-साखिया,

---

१५ मुहणोत नैणसी जाळोर ग्रामल जद बाडमेर रो कामदार कुमो जिणरी बेटी री सगाई नैणसीजी सू कीवी। नैणसी परणीजण मैं गयो, ('परणीजण न गयो' होना चाहिये) खांडो बाडमेर मेलियो। कमो मूसळ खडग सामो मेलियो। डायडो ग्रोर ठै परणायो। जिण कारण सू नैणसी बाडमेर हदवाट मेलियो। ('दहवाट मेळियो' होना चाहिये)। बाडमेर प्रोळ रै कगार रे काठरा किवाड हुता जिके माण जाळोर गढ री पोळ चढाया। सायद— 'बाहडमेर जुगां लग डूबो कमळा तणी कमाई।'

—बाकीदास री ख्यात : बात स० २१२५, पृ० १७६

१६. इस बृहत् ग्रथ का सम्पादन राजस्थानी शोध-संस्थान, जोधपुर के विद्वान् डाइरेक्टर डॉ० नारायणसिंह भाटी कर रहे हैं। पुस्तक मुद्रणाधीन है।

दु-साखिया फसलों का हाल, तालाव, कुएँ, कोसीटे, अरहट, गाँवों के जातिवार घरों की संख्या और उनकी आबादी और कृषक आदि जातियों की स्थिति का विस्तृत विवरण दिया है। आधुनिक जन-गणना में भी गाँवों की सभी प्रकार की स्थिति का इतना विस्तृत विवरण नहीं दिया जाता।[१७]

नैणसी के भाई सुंदरसी और आसकरण[१८] भी बड़े वीर हुए हैं। सुंदरसी प्रायः नैणसी के साथ ही रहा करते थे। वह महाराजा जसवन्तसिंह (सं० १७११ से सं० १७२३) के तन-दीवान (निजी मंत्री) भी रहे थे और कई लड़ाइयों में भाग लिया था।

नैणसी ने दो विवाह किए थे। पहला विवाह भंडारी नारायणदास की

---

१७ "......मध्ययुग में मुणोत नैणसी के द्वारा इस प्रथा (मर्दुमशुमारी) का आविष्कार देखकर बड़ा आश्चर्य होता है। आपने एक पंचवर्षीय रिपोर्ट लिखी थी। हमने इसकी हस्तलिपि आपके वंशज जोधपुर निवासी श्री वृन्दराजजी मुणोत के पास देखी थी। इसमें उन्होंने मारवाड़ के परगने, ग्राम, ग्रामों की आमदनी, भूमि की किस्म, साखों का हाल, तालाव, कुएँ, विभिन्न जातियों के वृत्तान्त आदि अनेक विषयों का बड़ा ही सुंदर विवेचन किया है।''''''संवत् १७२१ में सोवाणा की मर्दुमशुमारी हुई''''''महाजन ८१, ब्राह्मण २५, सुनार १०, कुम्हार २, भोजग ४, सुतार ४, तुर्क ४०, पिंजारा १, छीपे २, नाई १, ढेढ १६, थोरी २, जागरी १, राजपूत ६५, कुल २८३ घर आबाद थे। ''''''संवत् १७२१ में जोधपुर के हाट की दुकानें ८१५ थीं।''''''संवत् १७२१ आश्विन कृष्णपक्ष दशमी को परगनों की मर्दुमशुमारी की गई।'''—

नाम परगना	कुल ग्राम	आबाद	वीरान	सांसण
१. जोधपुर परगना	११६७	८०२¾	२२०¾	१४४
२. सोजत परगना	२४४	१७६	३२	३१
३. जैतारण परगना	१५२	१०५	२६	१८
४. फलोधी परगना	६८	४६	१०	६
५. मेड़ता परगना	३८४	२६८½	४०	४५½
६. सीवाणा परगना	१४४	६४	२०	३०
७. पोकरण परगना	८५	४१	२८	१६
	२२४४	१५६८¾	३७६¾	२६५½

'''''''''आपकी हस्तलिखित पंचवर्षीय रिपोर्ट से यह भी प्रतीत होता है कि उन्होंने मारवाड़ से संबंध रखने वाली सूक्ष्म से सूक्ष्म बातों का भी विवेचन किया है। यह रिपोर्ट क्या है, तत्कालीन मारवाड़ का जीता-जागता चित्र है।"

—ओसवाल जाति का इतिहास : 'मुणोत नैणसी और मर्दुमशुमारी' प्रकरण, पृ. ४७-५०

१८ 'चीफ फैमिली हिस्ट्री आफ मोहनोत्स' में उदयकरण नाम लिखा है।

पुत्री से और दूसरा मेहता भीमराज की पुत्री से हुआ था। दूसरी पत्नी से करमसी, वैरसी और समरसी नामक तीन पुत्र हुए थे। बड़ा पुत्र करमसी अपने पिता के समान ही वीर था। औरंगजेब के साथ महाराजा जसवंतसिंह और रतनसिंह की उज्जैन के निकट चोरनारायण की लड़ाई मे वह बड़ी वीरता से लड़ कर घायल हो गया था[१९]।

नैणसी और सुंदरसी के आत्मघात कर लेने के बाद जब इनका परिवार (नैणसी और सुंदरसी के पुत्रो आदि को) जेल मुक्त किया गया तो करमसी ने ऐसी उपेक्षित और अपमानित दशा में जोधपुर राज्य में रहना उचित नही समझा। वे राव अमरसिंह के पुत्र राव रामसिंह के पास नागोर चले गये। किन्तु दुर्भाग्य ने वहा भी इनका पीछा नही छोड़ा। कुछ समय बाद जब करमसी आदि रामसिंह के साथ शोलापुर गये हुए थे वहा रामसिंह की अकस्मात् मृत्यु हो गई। इनके सेवको ने यह झूठी अफवाह फैला दी कि करमसी ने इनको विष दे दिया है। रामसिंह के पुत्र इन्द्रसिंह ने करमसी को इस पर जीवित ही दीवाल में चुनवा दिया और इनके पुत्र आदि को बड़ी बेरहमी से मरवा डाला। यह घटना सं. १७३२ की कही जाती है। उस समय करमसी के दो पुत्र संग्रामसी और सामंतसी वहा से भाग कर किशनगढ आ गये और वहा से बीकानेर जा बसे[२०]। लेकिन महाराजा जसवंतसिंह के बाद जब महाराजा अजीतसिंह ने मारवाड़ राज्य पर अधिकार कर लिया तो उन्होने संग्रामसी आदि को बीकानेर से बुलाकर हाकिम जैसी राज्य की उच्च सेवाओ में नियुक्त कर दिया[२१]।

इस प्रकार नैणसी के पूर्वजो और वंशजो ने अनेक संघर्ष और संकटो को सहन करते हुए राज्य की जो सेवाएँ की हैं वे बड़ी महत्वपूर्ण हैं और इतिहास की उल्लेखनीय घटनाएँ हैं। इन सेवाओ के बदले मे इन्हे समय-समय पर जागीरें, जमीन, बाग, हवेलिया, पद, उपाधिया, खास रुक्के और रिआयतें इनायत होती रही है[२२] और मुसाहिब व मुतसद्दी वर्ग मे उच्च स्थान प्राप्त किये हुए हैं। इन सभी

१९ (अ) Brief family history of Mohnots (unpublished).

(आ) चोरनारायण का युद्ध ही संभवतः धर्मत का प्रसिद्ध युद्ध हैं। मारवाड़ का संक्षिप्त इतिहास, पृ. ३९८, पं० रामकर्ण आसोपा ने धर्मतपुर की टिप्पणी में लिखा है कि मारवाड की ख्यातो में चोरनराणा नाम लिखा है और कोई फतिया-बाद बतलाते है।

२०. श्री ओझाजी, 'मुहणोत नैणसी की ख्यात' द्वि० खंड नैणसी का वंश परिचय पृ० १-४

२१-२२. उपरोक्त और 'ब्रीफ फैमिली हिस्ट्री आफ मोहणोत्स' (अप्रकाशित)

सम्मानों को प्राप्त करने का कारण इनकी वफादारी तो है ही, पर नैणसी और उसके पुत्र करमसी का बलिदान भी मुख्य कारण है।

जोधपुर राज्य और महाराजा जसवंतसिंह-प्रथम के समय की वहियें, खरीते, फरमान, पट्टे, परवाने आदि रिकार्डों की जाँच से अथवा तत्कालीन गीत आदि साहित्य से तथा नैणसी के वंशज मोहणोत परिवार के पट्टे-परवानों आदि से नैणसी और उनके परिवार के सम्बन्ध में बहुत कुछ जानकारी प्राप्त होना संभव है। 'ओफ फैमिली हिस्ट्री आफ मोहनोत्स' (अप्रकाशित) में नैणसी और सुंदरसी एवं नैणसी के पुत्र करमसी के सम्बन्ध में कुछ विस्तार से जरूर लिखा है फिर भी अपूर्ण ही है।

नैणसी के वंशज जोधपुर के अतिरिक्त जालोर, किशनगढ़ और मालवा आदि स्थानों में भी स्थित हैं और वे अच्छी स्थिति में हैं।

---

[१]

गीत सांणोर ठाकुरां नैणसीजी रो

सझि दळां कोध नेसणसी सुंदर,
दळे वडा-वड मांझी दोय।
किरमर-हथा न पूजे कळहर,
कलम-हथा नह पूजे कोय ॥१॥

जुव जाणग मांणग जैमलका,
मुणसा गुर-सखतारा मोढ।
ईठ नको असमर-फल आवं,
आवै लेखण-फला न ईठ ॥२॥

भीच बिनै राजेरा मारी,
गहण उधारी घड ग्रहै।
जोड नको विणियांणी-जाया,
रांणी-जाया उरै रहै ॥३॥

[२]

गीत सांणोर नैणसीजी रो

विवेय कवी

सझि दळां कोध नैणसी सुंदर,
लाखां जिसा कहै जुग लोय।
जणणी हेकण किणी न जाया,
दोय बांधव सारीसा दोय ॥१॥

वीजो नको वीकपुर बूंदी,
ढाल-उथाळ नको ढूंढाड।
जैमल-रां सारीसा जोड़ो,
मारू नको, नको मेवाड़ ॥२॥

मेवासियां आसियां माथै,
जैत्राई कसिया जरद।
तढमल नको हिंदवै तुरकै,
मोहणोतां सारीसा मरद ॥३॥

दळ दिखणाध काळ धर उत्तर,
सह पूरब जोवतां सहोध।
दूजी धरा न दीठा दूजा,
जेसाहरा सरीसा जोध ॥४॥

[३]

गीत सांणोर मुंहणोत नैणसीजी रो

गड़ावोड़ गजराज घंट-रोळ पाखर गरर,
भँवरपल चमर छत्र आप भावी।
मारिया महण फोजां पखं महपती,
आवसै चीत गज फोज आवी ॥१॥
सोह दरबार री (दरबारी) दानि ऋन सरीखा,
लोह-रा-भँवर गज-फोज रा लाडा।
मालहरा त्रिनं चीतारसी पुरधरा,
आवती धीम नै हूंत आडा ॥२॥
जन मंत्री लालच वँधै गाजिया,
घणा दिन लगै चित घाट घड़सी।
धगड़ धड़ भाजण मंडोवर से-धणो,
चरड़ अचलाहरा चीत चढसी ॥३॥
त्रिविध घड़ भांजण जोध जैमलतरा,
सांइयरै वाग गैणाग सारे।
कायर्या बांभणां तणो कहियो करे,
मछर-गुर नैणसी सूर मारे ॥४॥
छत्रपती आय वणियो इसो आज छक,
ओरंग तोट पड़ ओतड़ै ऊर।
महाराजा जैसा इसा क्यु मारिजे,
सूरवर - आभरण नैणसी सूर ॥५॥

मुंहता नैणसी के सम्बन्ध के ये अज्ञात गीत और कवित्त बड़े महत्व के हैं। इन गीतों में नैणसी की वीरता, विद्वता आदि कई विशेषताओं के साथ अनेक युद्धों का संचालन करने, युद्धों में लड़ने और उनके स्वयं के मारे जाने के कारणों पर अच्छा प्रकाश पड़ता है। इन गीतों से नैणसी के सम्बन्ध में नये दृष्टिकोण उपस्थित होते हैं।

[४]

कवत मुहणोत नैणसीजो रा

यह सूतो भर निसह घोर करतो सादूळो ,
ओनींदो ऊठियो वडा रावता सफूलो ।
पोहतो तीजी फाळ गजड हाथळ तोलतो ,
मेछ दळा मूगला घात सीकार रमतो ।
मारियो सिरोही मुगल मिळ, खडग डसण घडच खळै ,
गडडियो सोह जैमाल रो, नैणसीह मारियो नळै ॥१॥

दाण भरै घरहरै भावा वाका ग्रस मिलसो ,
मुलक चूथ मुलतान सिसे मूळो गिल्लस ।
फिरसी कूजात जात जत लगा कवाई ,
वूव करै वीवजी भजो वे भजो भाई ।
पचनद परै अनहद वजै, असुरापण गमसो अलग ,
नैणसी कसै जैमाल रो, पिछम घर ऊपर पमग ॥२॥

नैणसी महाराजा जसवंतसिंह प्रथम के दीवान और ख्यात जैसे इतिहास-ग्रंथों के लेखक के रूप में तथा 'नदिया मूतो नैणसी' की लोकोक्ति को जन्म देने वाले के रूप में लोक में प्रसिद्ध हैं, परन्तु इनके अतिरिक्त उनकी अद्भुत साहसिकता और वीरता की कई अज्ञात घटनाओं पर भी ये गीत प्रकाश डालते हैं। नैणसी एक उच्च कोटि के कवि और श्रीनाथजी (श्रीबालकृष्ण) के भक्त थे । उनके स्वयं के रचे हुए बंदी-जीवन के करुणापूर्ण गीत से यह स्पष्ट है। यह गीत काव्य और भाषा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है जो यथाप्रसंग दिया हुआ है । उपरोक्त गीतों में 'कोड नको विणियाणी जाया, रांणी-जाया उरै रहूं' के विरुद वाला नैणसी एक ओर 'फिरमर-हथा, असमर-झल, मछर-गुर, उधारी-धड़-ग्रहण और सुरधर-आभरण' जैसा अद्वितीय खड्गधारी योद्धा है तो दूसरी ओर 'कलम हथा, लेखण झल, आंषण, माणग और गुर-सवतारां' यदि विशेषणों वाला लेखन-धारी इतिहास-लेखक बहुज्ञ, बहुश्रुत, ऐश्वर्य और अधिकारों का उपभोग करने वाला और दातारों का गुरु है । इन सभी विशेषताओं वाला नैणसी वास्तव में एक युग-पुरुष था । 'जणणी हेकण किणी न जाया, बीय बांधव सारीसा दीप' नैणसी का भाई सुदरसी भी इन्हीं के समान शूरवीर और कवि था ।

ये गीत हमें श्री नाथूरामजी खडगावत, डाइरेक्टर, राजस्थान स्टेट आर्काइव्ज, बीकानेर से प्राप्त हुए हैं, अतः इनका बहुत आभारी हूं । सूचना के लिये श्री सौभाग्य-सिंहजी शेखावत का आभारी हूं ।

नैणसी के जीवन-प्रसंगों की प्रेस कॉपी भेज देने के बाद ये गीत हमें प्राप्त हुए हैं । अब यथाप्रसंग नहीं दिए जाकर यहाँ दिये जा रहे हैं ।—प्रा. बदरीप्रसाद साकरिया

महाराजा जसवंतसिंह - प्रथम

महाराजा जसवंतसिंह-प्रथम (वि. सं. १६८३-१७३५) के जीवनकाल में रचा गया यह महत्वपूर्ण ख्यात ग्रंथ और ख्यात-लेखक मुंहता नैणसी का इन महाराजा के साथ राज-कारणों के ऊंचे-नीचे और पारस्परिक संबंध ऐसे रहे हैं जिनसे महाराजा जसवंतसिंह के राज्य-काल में नैणसी के पूर्व और पश्चात् जितने भी राज्य के दीवान रहे हैं, उन सब में जितनी ख्याति नैणसी ने प्राप्त की है, उतनी किसी ने प्राप्त नहीं की। इसका कारण नैणसी की विद्वता, वीरता और योग्यता आदि तो है ही; किन्तु महाराजा जसवंतसिंह भी परोक्ष और अपरोक्ष रूप से एक कारण अवश्य हैं। नैणसी के जीवन के साथ इन महाराजा का मिष्ट और कटु उथल-पुथलों का इतना गहरा संबंध रहा है जितना अन्य किसी दीवान या राज-कर्मचारी के साथ कदाचित् ही रहा हो। इन संबंधों के विषय में अधिकांश बातें नैणसी की जीवनी के साथ उल्लिखित हो गई हैं। इसलिए उनके संबंध में यहाँ कुछ नहीं लिखा जा रहा है। नैणसी महाराजा के दीवान थे, इस पृष्ठिका को लक्ष्य में रख कर इनके संबंध में परिचय स्वरूप दो शब्द लिखना आवश्यक हो जाता है।

महाराजा जसवंतसिंह, महाराजा गजसिंह के दूसरे पुत्र थे; प्रसिद्ध वीर राव अमरसिंह प्रथम पुत्र थे जिनको नागोर की जागीरी मिली थी। महाराजा जसवंतसिंह का जन्म वि. सं. १६८३ माघ वदि ४ मंगलवार को बुरहानपुर में हुआ था।[1] बादशाह शाहजहां ने वि. सं. १६९५ को आषाढ़ कृ० ७ शुक्रवार

१. पं० रामकर्ण आसोपा द्वारा लिखित 'मारवाड़ का संक्षिप्त इतिहास, द्वि० खंड पृ० १८५ में महाराजा जसवंतसिंह की जन्म-कुण्डली इस प्रकार दी हुई है—

जोधपुर महाराजा जसवंतसिंह - प्रथम

(वि० स० १६८३ – १७३५)

[राजस्थानी शोध संस्थान, चौपासनी के सौजन्य से प्राप्त]

को इनका राज्यतिलक आगरा में किया। महाराजा जब दूसरी बार (स० १७००) बादशाह की चाकरी में से मारवाड आये तो राडधरा (राष्ट्रधरा) के महेशदास के उत्पातो को शान्त करने के लिये नैणसी के पिता मोहणोत जयमल को भेजा था। जयमल ने महेशदास से लड़ाई करके राडधरा छीन लिया और उस पर महाराजा का अधिकार करके उसे मेहवे के रावल जगमाल को दे दिया था।

चादपोल के बाहर जोधपुर का प्रसिद्ध श्री रामेश्वर महादेव का मदिर इन्ही महाराजा ने स १७०८ में बनवाया था।

स. १७०९ मे महाराजा के पृथ्वीसिंह प्रथम पुत्र हुआ। जो जबरदस्त वीर था। इसी ने बादशाह के सिंह से कुश्ती करके बिना शस्त्र के उसको चीर डाला था। कहा जाता है कि बादशाह की ओर से इनायत की हुई विषाक्त पोशाक पहिनने से इसकी मृत्यु हुई थी। कोई कहते हैं कि शीतला रोग के कारण इनकी मृत्यु हुई थी।

स १७१४ मे प्रसिद्ध धर्मत (चोरनारायण) में महाराजा जसवतसिंह और रतलाम के रतनसिंह के साथ औरगजेब का भयकर युद्ध हुआ था। महाराजा जसवतसिंह घायल होकर जोधपुर को लौट आये थे। इसमें रतनसिंह और अनेक वीर योद्धा काम आये थे। इसी युद्ध में नैणसी का पुत्र करमसी भी घायल हुआ था। इसी वर्ष नैणसी महाराजा का दीवान बना था।

स. १७२५ मे महाराजा के प्रयत्न से शिवाजी के पुत्र शभाजी और शाहजादा मे सधि होकर शान्ति स्थापित हो गई थी। इसी वर्ष नैणसी और सु दरसी आत्मघात करके (दो वर्ष के) बदी जीवन से मुक्त हुए थे।

स. १७२७ में *महाराजा को बादशाह ने गुजरात के धधुका और पेटलाद* के परगने जागीर में दिये थे।

स. १७२८ मे जब औरगजेब ने गोवर्धन पर्वत के श्रीनाथजी के मदिर को गिराने की आज्ञा दी तो गुसाई दामोदरलालजी श्रीनाथजी के विग्रह को लेकर जोधपुर आये थे, उन्हे चौपासनी के पास कदमखडी मे रहने को स्थान दिया था।

स १७३५ की पौष वदि १० को जमरूद मे महाराजा का देहान्त हुआ।

यह महाराजा सस्कृत, ब्रज और मारवाडी के बडे विद्वान और कवि थे और वेदान्त के अच्छे पडित थे। इन्होने अनेक ग्रन्थो की रचना की है। जिनमे आनन्द-विलास, सिद्धान्त-बोध, अनुभव-प्रकाश, अपरोक्ष सिद्धान्त, सिद्धान्तसार,

ये पांचों ग्रंथ वेदान्त के हैं। आनंद-विलास संस्कृत रचना है। भाषा-भूषण साहित्य का अपूर्व ग्रंथ है।

जोधपुर के अनार इन्हीं महाराजा के कारण प्रसिद्ध हैं। इन्होंने काबुल से अनार, मिट्टी और बागवानों को लाकर कागा के बाग में अनारों के पेड़ों का रोपण करवाया था। कहते हैं कि जोधपुर के प्रसिद्ध कागजी नींबूओं का बीज भी इन्हीं महाराजा ने कहीं से मंगवा कर उनके पेड़ लगवाये थे।

महाराजा के पृथ्वीसिंह के अतिरिक्त तीन पुत्र और हुए थे। जगतसिंह, दलथंभन और अजीतसिंह। जगतसिंह भी दस वर्ष की ऊमर में ही चल बसा। दलथंभन और अजीतसिंह महाराजा के देहान्त के बाद जब रानियां जमरूद से दिल्ली आ रही थीं लाहोर में एक ही दिन में सं. १७३५ को चैत्र सुदि ४ को उत्पन्न हुए थे। दलथंभन भी रास्ते में ही चल बसा। दिल्ली आने पर औरंगजेब ने अजीतसिंह को मुसलमान बनाने या मार डालने की गरज से रानियों को नजरबंद कर दिया था और मारवाड़ पर बादशाही हुकूमत जमा दी थी। बालक अजीतसिंह को बड़ी मुश्किल से औरंगजेब की कैद से गुप्त रीति से दुर्गादास और मुकुन्ददास ने निकाल कर युवा होने तक सुरक्षित स्थानों में छिपा कर रखा था। मारवाड़ को बादशाही हुकूमत से मुक्त करा कर महाराजा अजीतसिंह को राज्य सिंहासन पर बिठाने के लिये वीर दुर्गादास के संचालन में मारवाड़ के राजपूत सरदारों को अनेक वर्षों तक संघर्षों का सामना करना पड़ा था। स्वामीभक्ति के ऐसे उदाहरण इतिहास में विरल ही मिलते हैं।

—प्रा० बदरीप्रसाद साकरिया

मुंहता नैणसीरी ख्यात

परिशिष्ट १

तीनों भागों की नामानुक्रमणिका

(१) वैयक्तिक (जीवधारी) – पुरुष, स्त्री व पशुनामावली

(२) भौगोलिक – ग्राम, देश, पर्वत, जलाशयादि नामावली

(३) सांस्कृतिक – ग्रंथ, संस्था, देवी, देवतादि नामावली

---

१. संकेत परिचय–

प० पहला भाग

दू० दूसरा भाग

ती० तीसरा भाग

दे० देखो

२ कुछ वर्णों के सम्बन्ध में–

(१) ल और ळ वर्णों का अनुक्रम एक वर्ण के समान और उसी प्रकार

(२) ड और ड़ वर्णों का अनुक्रम एक वर्ण के समान किया गया है।

(३) ळ वर्ण का प्रयोग शब्द के आदि में नहीं होता।

(४) शब्द के मध्य और अंत मे ल वर्ण का उच्चारण प्रायः ळ हो जाता है। कई जगहो में अपने सही रूप मे भी उच्चारण किया जाता है; किन्तु वहां अर्थान्तर हो जाता है।

(५) हिन्दी के आकारान्त शब्द (नाम) राजस्थानी मे प्रायः ओकारान्त होते हैं।

[१] पुरुष नामावली

अ

अंगराज प. २८८
अंतरिख सी. १७९
अंतरिख्य प. २८९.
अंधक दू. ३
अंबपसाव रावळ प. १२
अंबराय प. ११९
अंबराव प. १३५
अंबरीष प. ७८, २८८
अंबादित्य प. १०
अंबापसाव प. ५, ७९
अंबाप्रसाद प. ५
अंबुदेव राजा ती. १८६
अंबोपसा रावळ प. ७९
अंशुमान ती. १७८, २८८
अंसमान प. २८८
अंसुमान प. ७८
अकबर पातसाह प २१, ३०, ३२, ३९, १११, १५०, २५५, २६२, २९७, २९९, ३००, ३०१, ३०२, ३०४, ३१२, ३२०, ३२५, ३३१
,, पातसाह दू. ९८, २०५, २३८, २४०, २४२
,, पातसाह ती. २८, ५७, १८३, १९२, २०६, २३८, २४०, २४८, २६६, २६७, २७२, २७४, २७५, २७९
अको केलणोत दू. ३, १४३
अको चाचावत दू. ३३९, ३४०
अको राव दू. ११६
अक्तासु प. २८७
अखैराज प. २३५, ३५३, ३५४
,, दू. १२४, १९८, २००
,, ती. २३४
अखैराज ईसरदासोत दू. १९२
अखैराज जैता रो प. ३५३
अखैराज झालो दू. २६३
अखैराज ठाकुरसी रो प. ३६०
अखैराज डूंगरसी रो प. १२०, १२१
अखैराज दलपतोत दू. १२८, १३१, १३२, १४४
अखैराज धीरावत प. २३७
अखैराज पातळोत दू. १९४
अखैराज प्रथीराजोत दू. १२३
अखैराज भगवानदास रो प. ३०२, ३१०
अखैराज भावावत ती. ११६, १२०, १२१
अखैराज भैरावत दू. १८७
अखैराज रतनसी रो प. ३२७
अखैराज रायपाळोत दू. १५२
अखैराज राव प. १५५, १५६, १५७, १५८, १५९
अखैराज राव जगमाल रो प. १३५, १३७, १६१, १८९, १९०
अखैराज रावत कल्याणदे राजा रो प. २९५, २९६
अखैराज राव राजसिंघ रो प. १३६, १८९, १९०
अखैराज रावळ प. ३३५
,, ,, दू. १०९
अखैराज सहसा रो दू. १२०
अखैराज साह प. ९६

अखैराज सोनगरो प. २०, २१, २८, २०७, २०८
,, सोनगरो तो ३१, ६५, १००
अखैराज हाडो प १०६
अखैसिंघ प ३२२
,, तो २३०
अखैसिंघ रावळ प १०६
,, ,, तो ३६, २२०
अखो दू ८७, ७८, ६५
अखो गागा रो प ३६३
अखो दयाळदास रो प २३१
अखो नेतसी रो प २४०
अखो भाण रो प. ३४१
अखो राम रो प ३५८
अखो रायापळ रो प ३४१
अगर प २२, २५
अगरसिंघ प ३००
अगस्त प १२२
अगिनीवरण प ७८
अग्नवरण प २८८
अग्निवर्ण प ७८
,, तो. १७६
अग्न सर्मा प ६
अचल प ७८
अचळदास प ६७, ११५, १६५, २१२, ३२०
अचळदास दू ६६, १६१, १६२
,, तो २३१
अचळदास किसनावत दू १२५
अचळदास केसवदास रो प ३१३, ३१५
अचळदास खीची तो १३५
अचळदास जगमालोत दू १२१
अचळदास जैतसिंघोत तो २०५
अचळदास प्रागदासोत प. २३६
अचळदास बळभद्रोत प ३०७
अचळदास भाटी दू ६५, १०६, १७४, १६२
अचळदास माधोदासोत दू १४६
अचळदास रुघनाथ रो दू ११६
अचळदास लूणकरण रो प. ३१७, ३२०
अचळदास विक्रमादीतोत दू १३०
अचळदास सावतसीग्रोत प २३४
अचळसिंघ प. ३००, ३२४
अचळो प २७, ६८, ७८
,, दू ८५, १६८, १७८, १८२, १६७
अचळो खेतसी रो प. ३६०
अचळो नेतसी रो प २४०
अचळो मंडणासोत दू १८१
अचळो रायमलोत तो ११६, २४६, २४८
अचळो रिणमलोत दू. १२, १४१
अचळो सिवराजोत दू. १८०
अचळो सुरताण रो दू. १०४, १५६
अचळो सैंसा रो प ३२६
अज प ७८, २८८, २६२
,, तो. १७८
अजबसिंघ प २७, ६६, ८७, ३०५, ३०६, ३१८, ३२०, ३२१, ३२८
अजबसिंघ तो २२४
अजबसिंघ करणसिंघोत तो २०८
अजबसिंघ बिन्द्रावन रो प ३०६ ३०७, ३०८, ३१०
अजबो [illegible] ६६
अजमखान नवाब दू २०५
अजमल चूंडावत दू, ३१०
अजयपाल चक्रवर्ती प २६२
अजयभूपाल राणो तो. १७५
अजयवार दे० अजवाराह।
अजवार दे० अजवाराह।
अजवाराह तो २१६
अजसिंघ प ३२२, ३२४
अज सोहोजी रो तो २६
अजादित्य प. १०

अजीत मोहिल ती. १५८, १५६, १६०, १६७
अजीतसिंघ महाराजा ती. २१३
अजीत हाडो मालदे .त ती. २१६
अजु रावळ प. ७८
अजू दू. ३८, १०७
अजैचंद ती. १८०
अजैदेव प. २६१
अजैपाळ प. २६१, २८०, २६२
अजैपाळ गंध्रपसेन रो प. ३३८
अजैपाळ चक्रवै प. २६२
अजैचंघ प. २६२
अजैराव प. २५१
अजैवाह प. १२३
अजैसी प. १४, १५, १६३, १६४
अजैसी अजैपाळ रो प. ३३८
अजो प. ५१
,, दू. ७७, ८०, १००, ११७
अजो किसनावत दू. १४४
अजो चूंडावत ती. ३१
अजो (जांम) दू. २२४, २४०
अजो प्रथीराव रो प. २४३
अजो राजा रो दू. २६२
अजो सांवतसीयोत प. २३५
अटेरण दू. १, ११, १७
अड़माळ ती. १३८
अड़माल रिणमलोत दू. २३८
अड़राज ती. ४६
अड़वाल प. ३६१, ३६२
अड़वाळ चीहळ प. २२५
अड़वाल सोढो प. ३६१, ३६२
अद्रु प. १६
अणंद दू. १४३
अणंदसिंघ प. ३१६
अणंदसिंघ ती. २२६, २३०
अणंदसिंघ अनोपसिंघोत ती. २०८
अणखसी राणो रायसी रो प. ३४६, ३५२
अणघो दू. १०
अणतसिंघ ती. २२६
अणदो राव प. २८१
अणपाल सांणच दू. ५८
अणहल प. १०१, १३५, १७२, २३०, २५०, २५८
अतर प. १२३
अतिय प. ७८
अतिथि ती. १७८
अतिरथ प. २८८
अत्रि दू. ६
अद्रु प. १६
अदो वाघेलो प. १३७
अनंगपाल ती. १८७, २३८
अनंगराव प. १०१
अनंतपाळ प. २८६
,, ती. १८७
अनंतसी प. १४
अनंदराज प. ७८
अनरण्य ती. १७८
अनळ खीची प. २६४
अनादि प. २६१
अनाभि प. ७८
अनियो (अनो) भाटी दू. ५८
अनिरुद्ध (अनुरुध) दू. ६
अनिरुद्ध गौड़ प. ३३०
अनिरुध प. २१२
अनुरुध दू. १५
अनुरुध राजा गौड़ प. ३३०
अनूपरांम प. ३०८
अनूपसिंघ प. ३०६
अनूपसिंघ जुझारसिंघ रो प. २६८,३१०
अनूपसिंघ महाराजा ती. ३२, १७७, १८०, १८१, २०८ २०६
अनूपसिंघ सुरसिंघ रो प. ३२२
अनेकसाह ती. १८६
अनेकसिंघ राजा ती. १८६

अनेना ग २८७
„ तो. १७७
अनरण प ७८
अनोपसिंघ प. १३३, ३०९ ३२४
„ तो २२३, २३६
अपर डोडियो दू. २०५
अबदुला खा प १३१
अबदुलो प ५६, ५७, ५८
अबाबकर मुलतान तो १९१
अबुल फजल प १३०
अभगमसेन प ७८
अभग सेन प. ७८
अभीहड प. ३५२
अभैकरन प. ३०१
अभैचद तो. १८०
अभैमल पिथो रो तो १९०
अभैराम प ३०७, ३१०, ३२३
अभैराम तो. २२८
अभैराम अखैराज रो प ३०२
अभैराज धुधमार रो तो २१८
अभैसिंघ तो २३३
अभैसिंघ भाटी दू. ११०
अभो ऊदावत दू १४१
अभो खेतसी रो प. २४०
अभो भोजा रो प ३५४
अभो साखलो दू १८१
अभो सेखा रो प ३२७
अमर प ३४३
अमर जाडेचो दू २०९
अमर तेज प. २९२
अमरभाण प. ३२४
अमरवण प. २८९
अमरसिंघ प. १६०, ३२२, ३२४
„ दू. १९१
„ तो ३६, ३७, २२३, २२४, २२८, २३३, २३५, २३६
अमरसिंघ अणदसिंघोत तो. २०८
अमरसिंघ करणसिंघोत तो २०८
अमरसिंघजी दू १४६, १५७, १६०, १६३, १६५, १६७, १६८, १६९, १८३, १८८, १९३
अमरसिंघजी कुवर प. २०९, २३८, २४०
अमरसिंघ राणो प ६, १५, २४, २८, २९, ३०, ३१, ४८, ५३, ५६ ५७, ५९, ६२, ६३, ६४, ९२, ९५
अमरसिंघ रामदास रो प ३०३
अमरसिंघ राजा प १३३
अमरसिंघ राजावत तो ३५
अमरसिंघ राव तो १८२, २१४
अमरसिंघ रावळ दू ९३. ९५, १०८, १०९
अमरसिंघ सबळसिंघोत तो ३५, २२०
अमरसिंघ हरिसिंघोत तो २४९
अमरसी रावळ प. ७९
अमरसी सोमावत प ३४१
अमर सोहड रो प. ३४३
अमरो प ६८, १५७, १५९, १६४, १६६, १६७, १७२, १७३, १९५, १९७, २१२
अमरो दू. ३८, ८८, ९२, १२२, १७५, १७७
अमरो अहीर प. ३१८ ३१९
अमरो कल्याणमलोत तो २०६
अमरो केसोदासोत दू १६८
अमरो खगारोत प ३०६
अमरो पिराग रो प २३८
अमरो भाणोत दू १८६
अमरो भाखर रो दू. ७९, १६९, १९८
अमरो भोजावत प ३५९
अमरो रतनावत दू १६३
अमरो राणो दे० अमरसिंघ राणो।
अमरो राणो झालो दू. २५७, २६४
अमरो रूपसी भाटी दू १९८
अमरो सोढो प. ३६१

अमीखांन पठांण दू. २०५, २४०, २४१
अमीपाळ प. २८६
अमीरखांन दे० अमीखांन पठांण ।
अमृतपाल तो. १८८
अमेदसिंघ तो. २३०
अमर्यरा प. २८३
अमर्षण तो. १७६
अयुनायु तो. १७८
अरजण रायमलोत तो. ११५, ११६
अरजन प. २७, ३०, १६६, १६८, १६०, २६१, २८०
अरजन दू. ११, ८८, १३१
अरजनदे प. २६१
अरजनदेव तो. ५१
अरजन भींव रो प. ३३५
अरजन रांणो मोहिल तो. १५३, १६६
अरजन, राव मालदे रो बोहीतो दू. ६८
अरजनसिंघ प. ३२२
अरजुण सूरसिंघोत तो. २०८
अरजुन पांडव दू. ३५, ३६
अरड़कमल प. २०५
अरड़कमल कांधळोत तो. १५
अरड़कमल चूंडावत प. ३४८, ३४६
„ „ दू. ३१२, ३२४, ३२६, ३२७, ३२८
अरड़कमल चूंडावत तो. ३०
अरघविंव दू. १, ६
„ तो. ३७
अरसी प. २२५
अरसी रांणो प. १४, १५, ३२, ६८
अरसी रावळ प. ७६
अरसीह समरसी रो प. २०३
अरहड़ रावळ प. ७६
अरिमरदन प. ७८
अरुमक तो. १७८
अरोड़ भाखर दू. १७
अर्क तो. १७६
अर्जुन दे० अरजन व अरजुन
अर्जुनदे राजा प. १२६, १३०
अर्जुनपाळ राजा प. १२८
अर्जुनसिंघ तो. २२८, २२६, २३०
अर्द्धविंव दे. अरघविंव
अर्धसोम तो. १८५
अर्बुद दू. ३
अलइयो दू. २१५
अलखां प. ३२७
अलखो चांदरा रो प. ३१५
अलण प. २४७
अलवरो काकिल रो प. २६४, ३३२
अलफखां तो. २७४
अलमखां दे. अलफखां
अलाउदीन खिलजी प. ६, १४, १६३, २३०, २३१, २६२, २७६
अलाउद्दीन दे. अलावदीन पातसाह
अलावदी प. १४, २१३, २१६, २२०, ३३२, ३३५
अलावदीन पातसाह तो. २८, ५०, ५३, १८३, १८४, २६३
अलावदीन सुलतांण तो. १६०, १६१
अलावरदीखां तो. २७७
अलीखां दू. १०३
अलु प. ४, ५
अलैदियो दू. २०६
अल्लट महेन्द्र दू. ४
अवतारदे खोमरा रो प. ३५५, ३६१
अवलफजल प. १३०
अश्वमेघ राजा तो. १८५
असकरी कामरां प. ३००
असमंज प. ७८, २८८, २६२
असमंजस तो. १७८
अहमंद प. २६२
„ तो. १७, १८, ५७
अहमंदखांन तो. ५३
अहमंद चाहिल तो. १७

अहमदशाह सुलताण तौ १६१
अहिजन दू ७५, ७८
अहिनपु प ७८
अहिनाग प. २८८
अहिपय तौ १८७
अहिराव तौ २१८
अहीम तौ १७६

आ

आनो खीचो प २५३, २५४, २५५
आनो वाघेलो तौ ५६, ६०, ६३, ६८, ६६, ७०, ७२
आबा मालावत दू १७७
आबो राजसी रो, राणो प ३४६
आईदान दू ६६, २००
" तौ. २२७, २३३
आईदान ईसरदासोत दू १५१
आकडराय तौ ५१
आकूखां तौ. २७६, २७६
आजमखां दू २५६
आजमखान दू. २४०, २४१
आटेरण दू १७
आणद प ३५२
" दू ६५
आणदचद तौ १८७
आणद जेसावत दू १७८
आणदसिंघ प २६६, ३०७, ३१८ ३१६
आदित्य राजा तौ १८६
आदिसध तौ १८५
आनभराय प २८८
आपमल देवडो प १७८
आपमलसूरा रो प २००
आमत्र प २८६
आयसजी तौ २८३
आयोतास प २८८
आलण प १६२, १८६, २०२, २४७
आलण मादडेचो प २८४
आलणसी कुतल रो राजा प २६५, २६६, ३३०
आलणसी मेहराज रो प ३४८, ३४६
आल राजा उदेचद रो प ३३६
आलुस रावळ प १२
आलू दू ४, ५
आल्हण आसराव रो प १३५
आल्हण देवडो प २७५
आल्हण माणकराव रो प १७२ २०३, २३०
आल्हणसी थोजड रो प १३४
आल्हणसी सालसी मेहराजोत व ३२७, ३४८, ३४६
आल्हण सोहड प २२५
आल्हो चारण दू ३०४ ३०५, ३०६
आसकरण प २५ १६७, १६५, ३०५
" दू ६४
" तौ १४७, १४८, २२१
आसकरण ईसरदासोत दू १८६
आसकरण कला रो प १६०
आसकरण खेतसी रो दू १२३
आसकरण जसहडोत दू ४३, ४४, ५१, ५४, ५६, ७४
आसकरण झालो दू २५६
आसकरण भारावत दू १८८
आसकरण भीमावत तौ २१४ २१७
आसकरण राणो झालो दू २५६ २५७
आसकरण राजा प २६०, ३०२
आसकरण राव तौ ३६
आसकरण राव कान्ह रो दू १३६
आसकरण राव चद्रसेनोत प ७५
आसकरण रावत प ११७
आसकरण राव पूगळियो दू १३०, १३२, १३३
आसकरण रावळ प ७६
आसकरण लाडखान रो प ३२१
आसकरण सत्तावत तौ. ३८, ३६
आसथान प ३३३
आसथांन राव दू २७६, २७७, २७८, २७६

आसथांन राव ती. २६, १७३, १८०
आसपखां प. ३३०
आसमक राज प. २८८
आसराव प. १३४
,, ती. २२१
आसराव कालए रो दू. ३८
आसराव जिंदराव रो प. १०१, ११६, १३५, १७२, १८६, २०२, २०३, २२६, २३०, २४७, २५०
आसराव धारावरीस रो प. ३५५
आसराव रतनूं-चारण दू ५६, ७२, ७४
आसराव रिणमलोत ती. ३०
आसराव सोढो प. ३६३
आसल प. ३४३
आसल मोहिल ती. १५८, १७०
आसल लाखण रो प. २०२
आसादित प. ३
आसावुद्धि ती. १८६
आसो प. १२५, १६६, २३८, ३४३
,, दू. ३८, ६३, १६४, १६५, १८६, १६१, १६६, १६६
आसो (आसथांन) दू. २७६
